हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 14.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 173 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## छत्तीसगढ़ के हसदेव नदी के किनारे मिला 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिला अब इतिहास, पुरातत्व और प्रकृति प्रेमियों के लिए नया आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। यहां हसदेव नदी के किनारे 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिला है। छत्तीसगढ़ सरकार इसे एक मैरीन फॉसिल्स पार्क के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है। यह पार्क न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे एशिया का गौरव बनने वाला है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को इस बारे में जानकारी साझा की है। सरकार ने इस विषय पर गहरी रुचि दिखाते हुए इसे नए सिरे से आगे बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया है। जीवाश्मों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित करने और मनेंद्रगढ़ को एक प्रमुख वैज्ञानिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कहा कि मनेंद्रगढ़ में 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिलना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। यह न केवल वैज्ञानिक शोध का केंद्र बनेगा, बल्कि पर्यटन से जुड़े रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। राज्य सरकार अपनी प्राकृतिक धरोहरों को सहेजने और उनका विकास

> **मनेंद्रगढ़ में 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिलना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात : मुख्यमंत्री साय**



करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि मैरीन फॉसिल्स पार्क के रूप में विकसित होने के बाद यह क्षेत्र एक बायोडायवर्सिटी हेरिटेज साइट के रूप में पर्यटकों और वैज्ञानिकों के लिए खुल जाएगा। यहां आने वाले सैलानी करोड़ों साल पुराने जीवों की उत्पत्ति और उनके विकास की कहानी को देख और समझ सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार इस परियोजना को विशेष महत्व दे रही है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया कोलकाता और बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट लखनऊ की टीमों ने इस क्षेत्र का अध्ययन कर इसकी संभावनाओं का जायजा लिया है। पुरातत्व विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. विनय कुमार पांडेय ने आज बताया कि यह एशिया का सबसे बड़ा जीवाश्म है। देश-विदेश से वैज्ञानिक पुरातत्ववेत्ता यहां अध्ययन करने आएंगे। कार्बन डेटिंग से पता चला कि यह 28 करोड़ साल पुराना है। पहले 1954 में इसकी खोज डॉ. एसके घोष ने की। फिर ईएसआई व लखनऊ बीरबल की टीम ने लगातार इस पर सर्वे किया।

वैज्ञानिकों के अनुसार 28 करोड़ वर्ष पूर्व वर्तमान हसदेव नदी के स्थान पर एक ग्लेशियर था। जो बाद में 'टाथिस' नामक पतली पट्टी के रूप में समुद्र में समा गया, जिससे होकर समुद्री जीव-जंतु मनेन्द्रगढ़ की वर्तमान हसदेव नदी में प्रवेश कर गए। वे धीरे-धीरे विलुप्त हो गए लेकिन उनके जीवाश्म आज भी उक्त स्थल पर देखे जा सकते हैं। वर्ष 2015 में बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियो साइंसेज लखनऊ के वैज्ञानिकों ने भी इसकी पुष्टि की थी।

जीवाश्मों के अवशेषों से यह प्रमाण मिलता है कि करोड़ों साल पहले इस क्षेत्र में समुद्र था, जो बाद में प्राकृतिक परिवर्तन के कारण हटा और इन जीवों के अवशेष पत्थरों में दबकर जीवाश्म के रूप में संरक्षित हो गए। यह एक महत्वपूर्ण खोज है जो पृथ्वी के इतिहास और परिवर्तन के बारे में हमें जानकारी प्रदान करती है। यह जीवाश्म क्षेत्र वास्तव में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और वैज्ञानिक धरोहर है, जो पृथ्वी के प्राचीन इतिहास को समझने का महत्वपूर्ण स्रोत है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा 1982 से इस क्षेत्र को नेशनल जियोलॉजिकल मोनुमेंट्स के रूप में संरक्षित किया गया है, जो इसके महत्व को दर्शाता है।

### एक नजर

## टिफिन बम व नक्सल साहित्य के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना तर्रेम इलाके जंगलों में टिफिन बम और नक्सल साहित्य के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना तर्रेम से कोबरा 210 और सीआरपीएफ 153 का संयुक्त बल तर्रेम से बुढ़गीचेरू की ओर सोमवार सुबह रवाना हुई थी। इस दौरान तर्रेम एवं बुढ़गीचेरू के मध्य जंगल में तीन संदिग्ध व्यक्ति जवानों को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे नक्सल अभियान पर निकले सुरक्षाबलों के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ पर अपना नाम 26 वर्षीय राजू पुनेम (मिलिशिया सदस्य) निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर, 26 वर्षीय माड़वी भीमा (मिलिशिया सदस्य) निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर, 38 वर्षीय उईका शम्भू (मिलिशिया सदस्य) निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों की तलाशी मे उनके कब्जे से एक 5 किलोग्राम का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, बैटरी एवं नक्सली साहित्य बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बरामद विस्फोटक सामग्री को अपने कब्जे में लेकर, थाना तर्रेम में कार्रवाई उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# महाकुंभ के पहले ही दिन 1.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी



एजेंसी

**प्रयागराज :** दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। इस अवसर पर डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पतित पाविनी गंगा,श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर अमृत स्नान किया।

इसके साथ ही महाकुम्भ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरूआत हो गई है। पद्म पुराण और महाभारत के अनुसार संगम तट पर माघ मास में कल्पवास करने से सौ वर्षों तक तपस्या करने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। विधि-विधान के अनुसार लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम तट पर केला,तुलसी और जौं रोपकर एक महा व्रत और संयम का पालन करते हुए कल्पवास की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया 'मानवता के मंगलपर्व 'महाकुम्भ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद। पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें।

संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में महाकुंभ में उमड़ते जनसैलाब के विहंगम दृश्य के साक्षी अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों से आये विदेशी श्रद्धालु भी बने। मेला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शाम चार बजे तक एक करोड़ 60 लाख लोग संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके थे। स्नान करने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहने का अनुमान है। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर सतर्क निगाहों के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते दिखे। इस दौरान देश दुनिया के कोने कोने से आये श्रद्धालुओं के प्रति उनका विनम्र व्यवहार आकर्षण का केंद्र बना। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते।

### 'हर-हर महादेव, जय श्री राम...' के जयघोष से गूंजा संगम तट



**प्रयागराज :** 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में संगम नोज समेत सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए। झारखंड, बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। भव्य महाकुंभ 2025 आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक एकता के जबरदस्त प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ है। जिसने आज 144 वर्षों में एक बार देखी गई आध्यात्मिक भव्यता की याद ताजा कर दी। यहां देश और दुनिया भर से भक्तों का एक समूह न केवल जप, ध्यान और आध्यात्मिक तृप्ति के लिए एकत्र हुआ, बल्कि महाकुंभ की बेजोड़ सांस्कृतिक विरासत का अनुभव करने के लिए भी एकत्र हुआ। पवित्र नगरी प्रयागराज में संगम नोज समेत स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ है। कई भक्तों को दिव्य वातावरण से अभिभूत, नम आंखों के साथ देखा गया। वहीं कई लोग प्रार्थना, अनुष्ठान और एकता की भावना में डूबे रहे। दो दिन पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया था, जो दर्शाता है कि 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए भीड़ के अनुमान को पार कर सकता है। शुरूआती दिनों में भारी भीड़ से पता चलता है कि इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा बड़ा होगा। पौष पूर्णिमा पर, अपने गहन आध्यात्मिक अनुशासन के लिए जाने जाने वाले कल्पवासियों ने 'मोक्षदायिनी' संगम में पवित्र डुबकी लगाई और 45 दिनों तक चलने वाले अपने आध्यात्मिक एकांतवास की शुरूआत की। कल्पवासी महाकुंभ अवधि के दौरान ब्रह्मचर्य, साधारण जीवन और नियमित प्रार्थना के सख्त व्रत का पालन करते हैं।

## मकर संक्रांति आज, रांची के बाजार में खरीदारों की लगी भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मकर संक्रांति पर राजधानी रांची के हर चौक-चौराहों पर बाजार सज चुके हैं। पर्व से पहले बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। रांची के विभिन्न चौक-चौराहों कोकर, लालपुर, बरियातू, हरमू, किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, रातू रोड, बूटी मोड़ और कांके चौक पर लगे बाजार में लोग खरीदारी कर रहे हैं।

बाजार में स्थानीय तिलकुट के साथ गया के गुप्ता तिलकुट भी मिल रहे हैं। खोवा के तिलकुट की वैरायटी की भी डिमांड काफी है। साथ ही गजक, स्पेशल गजक, रेवड़ी और तिल पापड़ी भी ग्राहक खरीद रहे हैं। कोकर के तिलकुट भंडार के संचालक जोगेश्वर ने कहा कि 300 रुपये किलो तिलकुट बेच रहे हैं। इस बार तिल का लड्डू 100 रुपये पैकेट (200 ग्राम), गजक 340 रुपये, रेवड़ी 220 रुपये और तिलपट्टी 280 रुपये है।

बरियातू में दुकानदार मुन्ना कुमार ने कहा कि तिलकुट 280 रुपये किलो गया का गुप्ता तिलकुट, गुड बादाम 240 रुपये किलो, तिल लड्डू 400 किलो, चूड़ा 60, 100, 70 50 और 120 रुपये किलो, भूरा 100 रुपये, गुड 60 किलो, चूड़ा लड्डू 160 रुपये किलो, चावल लड्डू 160 किलो के भाव से बिक्री हो रही है। पंजाब स्वीट के स्टाफ अनिल ने कहा कि इस बार लोग घी वाले घेवर अधिक खरीद रहे हैं। एक घेवर की कीमत 120 रुपये है। इसमें मलाई डाला गया है। इसके अलावा प्रीमियम गुड रेवड़ी 440 रुपये किलो, स्पेशल खोवा तिलकुट 500 रुपये किलो, तिल रोल 400 रुपये किलो, गुड़ तिलकुट 360-400 रुपए किलो, स्पेशल तिलपट्टी 380 रुपये किलो और स्पेशल तिलकुट 360 किलो है।


इस संबंध में पंडित मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि पंचांग के अनुसार, माघ माह की प्रतिपदा तिथि पर मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन आत्मा के कारक सूर्यदेव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर करेंगे। इसलिए 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन पुण्य काल प्रातः काल 09 बजकर 03 मिनट से लेकर संध्याकाल 05 बजकर 46 मिनट तक है। इस अवधि में स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप और दान कर सकते हैं। महापुण्य काल सुबह 09 बजकर 03 मिनट से लेकर 10 बजकर 48 मिनट तक है। इस दौरान पूजा और दान करने से सूर्य देव की विशेष कृपा प्राप्त होगी। संक्रांति का शुभ समय 09 बजकर 03 मिनट पर है।

### पीएम मोदी ने किया सोनमर्ग में जेड-मोड़ टनल का उद्घाटन, बोले-

## जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और कनेक्टिविटी को मिलेगी नई दिशा

एजेंसी

**सोनमर्ग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। इस दौरान सोनमर्ग में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं एक बड़ी सौगात लेकर आपके एक सेवक के रूप में आपके बीच आया हूं।



कश्मीर देश का मुकुट है, इसलिए मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर और समृद्ध हो। कुछ दिन पहले मुझे जम्मू में आपके अपने रेल डिवीजन का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। ये आपकी बहुत पुरानी डिमांड थी। आज मुझे सोनमर्ग टनल देश को और आपको सौंपने का मौका मिला है। केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद ही 2015 में सोनमर्ग टनल के वास्तविक निर्माण का काम शुरू हुआ था। पीएम मोदी ने आगे कहा, मुझे खुशी है कि इस टनल का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। सोनमर्ग सुरंग सर्दियों के दौरान कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी और क्षेत्र में पर्यटन को नए पंख देगा। जल्द ही जम्मू-कश्मीर में कई सड़क और रेल कनेक्टिविटी का काम पूरा हो जाएगा। आप पक्का मानिए, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। मैं आज की विकास परियोजनाओं के लिए जम्मू-कश्मीर के हर परिवार को हार्दिक बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी बोले, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि दूरियां अब मिट गई हैं, हमें मिलकर सपने देखना चाहिए, संकल्प लेना चाहिए और सफलता हासिल करनी चाहिए। कश्मीर में हालात बदलने का बहुत बड़ा श्रेय यहां की आवाम को जाता है, आप सभी को जाता है। आपने जम्हूरियत को मजबूत किया है, आपने भविष्य को मजबूत किया है। अब लोग रात के समय भी लाल चौक पर आइसक्रीम खाने जा रहे हैं। रात के समय भी वहां बड़ी रौनक रहती है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भारत प्रगति की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। हर नागरिक 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रहा है। यह तभी हो सकता है जब हमारे देश का कोई भी हिस्सा, कोई भी परिवार पीछे न छूटे। प्रगति और विकास के लिए हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ दिन-रात काम कर रही है। मैं हमेशा एक मंत्र का पालन करता हूं कि जो भी हम काम शुरू करेंगे, उसका उद्घाटन भी हम ही करेंगे। अब अनिश्चितता के दिन गए कि चीजें कब होंगी और कौन जानता है कि कब होगा? इस सुरंग से सर्दियों के मौसम में भी सोनमर्ग की कनेक्टिविटी बरकरार रहेगी। इससे सोनमर्ग और पूरे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में कई सड़क और रेल कनेक्टिविटी परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी। हमारा जम्मू-कश्मीर सुरंगों, पुलों और रोपवे का हब बनता जा रहा है। यहां दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग बनाई जा रही है। यहां दुनिया का सबसे ऊंचा रेलरोड ब्रिज बनाया जा रहा है। यहां दुनिया की सबसे ऊंची रेल लाइनें बनाई जा रही हैं। चिनाब ब्रिज की इंजीनियरिंग की दुनिया कायल है। बीते 10 साल में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे देश के 4 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पक्के घर मिले। आने वाले समय में 3 करोड़ और नए घर गरीबों को मिलने वाले हैं। जम्मू-कश्मीर में भी 10 साल में एक से बढ़कर एक शिक्षण संस्थान बने हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ यहां के हमारे नौजवानों को हुआ है। विकसित भारत के सफर में, बहुत बड़ा कंट्रीब्यूशन, हमारे टूरिज्म सेक्टर का है। बेहतर कनेक्टिविटी के चलते जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों तक भी टूरिस्ट पहुंच पाएंगे, जो अभी तक अनछुए हैं।

## लंदन में कंजरवेटिव पार्टी के काउंसलर पद के उम्मीदवार बने झारखंड के प्रशांत कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के बेटे प्रशांत कुमार को यूके की कंजरवेटिव पार्टी ने 2026 के चुनावों के लिए काउंसलर पद का उम्मीदवार घोषित किया है। यह झारखंड और संपूर्ण भारतीय समुदाय के लिए एक गर्व का क्षण है और एक प्रेरणादायक 'रैग्स टू रिचेस' कहानी है, जिसमें कड़ी मेहनत और समर्पण से सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ गया है।

प्रशांत कुमार सिंह के मुताबिक, उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा झारखंड के होली क्रॉस स्कूल, घाटोटांड़ (वेस्ट बोकारो) से पूरी की। वे अपने स्कूल में लगातार 13 वर्षों तक नेतृत्वकारी भूमिका में रहे। उन्होंने स्कूल प्रेसिडेंट का पद त्यागकर सोशल सर्विस सेल का अध्यक्ष बनने का निर्णय लिया, जिससे वे 400 से अधिक आदिवासी छात्रों को पढ़ाने और उनकी मदद करने में सफल रहे।



वे वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़े रहे और आदिवासी समाज के लिए निरंतर कार्यरत रहे हैं।

प्रशांत के अनुसार, उनके परदादा, दादा और पिता टाटा स्टील में कार्यरत थे। उनकी पत्नी लक्ष्मी के पिता, दादा और परदादा भी टाटा स्टील में कार्यरत थे। खुद प्रशांत टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के डिजिटल और डेटा प्रमुख रहे, जहां उन्होंने टाटा साल्ट, टेटली, टाटा टी जैसे ब्रांड्स का नेतृत्व किया। मुंबई से लंदन जाने से पहले वे टाटा समूह में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे। प्रशांत कुमार बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे और नियमित रूप से शाखाओं में भाग लेते थे। वे बेंगलुरु में आईटी मिलन के सक्रिय सदस्य रहे।

बेंगलुरु में रहते हुए प्रशांत को बीएल संतोष (राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा) जैसे महान मार्गदर्शक का सानिध्य मिला। उन्होंने एक बार उनसे आरएसएस प्रचारक बनने की इच्छा व्यक्त की। संतोष ने उन्हें अपनी मां की अनुमति लेने की सलाह दी, जो उन्हें कभी नहीं मिली। हालांकि, प्रचारक न बनने के बावजूद उन्होंने समाज और मानवता के लिए कार्य करना जारी रखा। प्रशांत ने डिजिटल फॉर ह्यूमैनिटी सीआईसी नामक एक कंपनी स्थापित की, जो युवाओं, स्टार्टअप्स और उद्यमियों को अपने व्यवसायों को बढ़ाने में मदद करती है। वर्ष 2014 में उन्होंने जॉब छोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव अभियान को समर्थन दिया और छह महीनों तक वडोदरा में भाजपा के लिए निस्वार्थ सेवा की।

# उपायुक्त ने की तकनीकी विभाग की समीक्षा लंबित योजनाओं को पूरा करने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त को गोंदलपुरा में ब्रिज के निर्माण में आ रही समस्या से अवगत कराया गया जिस उपायुक्त ने विधायक, स्थानीय मुखिया से समन्वय बनाकर कार्य की गति को आगे बढ़ाने की बात कही। बैठक में पेयजल विभाग को नए बन रहे सड़क पर समय समय पानी की छिड़काव करने निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिषद के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेशित किया कि अपने अधीनस्थ कार्यरत कांट्रेक्टर्स के साथ बैठक कर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कीजिये। जिनका प्रोग्रेस कम है उसका रिपोर्ट कीजिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक से समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसकी सूचना देना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## शिक्षक शिक्षा से संबंधित सभी योजनाओं को समय पर पूरा करें : किशोर कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्लस टू उच्च विद्यालय में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने की। बैठक में शिक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। गोष्ठी के दौरान जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, उनमें शिशु पंजी सर्वेक्षण प्रपत्र, एसए 1 मूल्यांकन, छात्रवृत्ति संबंधित कार्य, 2024-2025 के छात्रों का ईपी, जीपी, एफपी डेटा अपडेट, अपर आईडी का निर्माण, आधार कार्ड अपडेट, ई-विद्या वाहिनी के लिए छात्र/शिक्षक एवं एसएमसी सदस्यों का अद्यतन, विद्यालय विकास योजना 2024-25, परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम और प्रधान कार्यक्रम शामिल थे। इसके अलावा, प्रोजेक्ट रीड, प्रोजेक्ट इंपेक्ट, कक्षा 1 से 2 के पोषण का विवरण, आईएफए लेबल वितरण, पुस्तक वितरण, विद्यालय विकास योजना 2024-25 और रूम टू रीड पर भी विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर बीईईओ किशोर कुमार ने प्रधानाध्यापकों और उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे शिक्षा से संबंधित सभी योजनाओं को समय पर पूरा करें और छात्रों की बेहतरी के लिए सतत प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि यह बैठक विद्यालयों की प्रगति और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में डॉ सुनील यादव, संजय दुबे, बीपीएम अरुण शर्मा, अयोध्या प्रजापति, रविकांत ओम, शिव कुमार, विजय कुमार, अजय प्रजापति, अशोक सकलानी समेत निजी विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यमुनिया डैम में इंडिया गठबंधन की समीक्षा बैठक सह वनभोज का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** यमुनिया डैम में इंडिया गठबन्धन की समीक्षा बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड कॉग्रेस अध्यक्ष अब्बास अन्सारी ने की, तथा संचालन झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने किया। वनभोज में विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतो से आये इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा को लेकर अपने अपने विचार रखे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने हार की समीक्षा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से एक समाज के इतने प्रत्याशी आज तक खड़ा नही हुवे, इसी में मतों का बिखराव हुवा। पूर्व मंत्री ने कार्यकताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि राज्य में सरकार



इंडिया गठबंधन की बनी है सारा काम होगा। मैं चुनाव हारा जरूर हु पर छेत्र नही, हमेशा जनता के बीच रहूंगा आमजनों को लेकर रात दिन तैयार हूं जब कभी जरूरत पड़े आप आये आपका काम जरूर होगा। उन्होंने कहा कि रात दिन जनता का काम किया हूँ आगे भी करूँगा। पूर्व मंत्री ने इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं से आम चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा कि माण्डू विधानसभा क्षेत्र में एक वर्ष के अंदर पुनः चुनाव होगा।आप तैयार रहे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन हित मे लगातार काम करने की बात कहते हुवे नव वर्ष की बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शम्भू लाल यादव, टेकोचन्द महतो, जानकी शर्मा, सुरेंद्र मिश्र, देवकी महतो, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, संजय प्रजापति, मुखिया उत्तम कुमार महतो, अनिल कुमार राय, इबरार अंसारी, गुरु प्रसाद साव, हिरामन, अम्बिया देवी, उमा देवी समेत बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता है।

## झील में शुरू हुआ जलकुंभी हटाने का काम 2 करोड़ की मशीन को किया गया दुरुस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग की हृदयस्थली कही जाने वाली झील प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम है जहां एक ही परिसर में पांच झील है जैसा पूरे झारखंड में देखने को नहीं मिलेगा। झील की चर्चा पूरे राज्य भर में होती है। जब भी कोई व्यक्ति बाहर से हजारीबाग पहुंचता है तो झील घूमाने के लिए उनके परिजन ले जाते हैं। इसके बावजूद झील की रखरखाव और साफ सफाई को लेकर हमेशा सवाल होता रहा है। झील साफ करने के लिए दो करोड रुपए की लागत से वीड हरवेस्टिंग मशीन खरीदा गया था। लेकिन वह हाथी का दांत साबित हो रहा था। बार-बार खराब हो जाने के कारण इसे रस्सी से बांध कर रखा गया था। इस खबर को प्रत्युष नवबिहार ने बड़े ही



प्रमुखता से पिछले एक महीना से छाप रहा था। नगर निगम प्रशासन ने भी आश्वासन दिया था कि बहुत जल्द मशीन दुरुस्त कर लिया जाएगा । मुंबई से मैकेनिक कुछ दिन में हजारीबाग पहुंचने वाले हैं। समय गुजर जाने के बाद भी मैकेनिक नहीं पहुंचने के बाद पुनः इस खबर को अंक में स्थान दिया। फलस्वरूप नगर निगम की नींद खुली है और उसने मशीन को दुरुस्त कर लिया है। यह मशीन अब झील में साफ करते हुए भी देखा जा सकता है। इस मशीन की खासियत यह है कि इसे एक जगह से दूसरे जगह ले जाया जा सकता है। हजारीबाग में कई ऐसे झील तालाब और जलाशय है जहां जलकुंभी का अंबार है। इस मशीन का प्रयोग उन झील में भी किया जाता था। मशीन खराब हो जाने के कारण हजारीबाग के एक दर्जन से अधिक झील की स्थिति कामोवेश यही है। मजदूर लगाकर जलकुंभी हटाना एक चुनौती भरा काम होता है।

## रोमी में युवती ने आग लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के पेलावल थाना क्षेत्र अंतर्गत रोमी गांव में युवती ने खुद को केरोसिन तेल जलाकर आग लगा ली। घटना रविवार रात 8 बजे के आस पास की है ।आनन फालन में स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में उसे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि वह एक युवक से प्यार करती थी। वह युवक युवती से प्यार नहीं करता था। प्रेम मे विफल युवती ने प्रेमी के घर के सामने ही किरोसिन उड़ेल कर खुद को जला डाली युवती प्रेमी पर शादी की दबाव बना रही थी, जो युवक पक्ष के परिजनों को स्वीकार नही था। युवक के परिजनों को शादी से इनकार किए जाने से गुस्साई युवती ने अपने को आग के हवाले कर दिया। घटना को लेकर पेलावल थाना में मामला भी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है। हजारीबाग के एडिशनल एसपी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि घटना रविवार के रात घटी है। मामला दर्ज कर लिया गया है और अनुसंधान जारी है। घटना के बारे में जाता है कि किशोरी अपने ही गांव की एक लड़के मुजम्मिल से प्यार करती थी। जबकि पुलिस के अनुसार मुजम्मिल के परिजन का कहना है कि वह उससे प्यार नहीं करता था और किसी प्रकार का कोई तालुकात भी नहीं था। युवक पिछले 8 साल से मुम्बई में रहकर अंडर-19 क्रिकेट टीम का खिलाड़ी भी है। युवती लड़के को हमेशा परेशान करती थी। इस बात को लेकर स्थानीय स्तर पर उसे युवती को समझाया भी गया था। युवती कुछ समझने को तैयार नहीं थी। पिछले कुछ दिनों से अजीबोगरीब हरकत भी कर रही थी।

# पत्नी को जिंदा जला कर मारने के आरोपी तत्कालीन एसडीओ पर कार्रवाई नहीं होने पर लोगों ने दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के तत्कालीन सदर एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर कारवाई नहीं होने के विरोध में उनके ससुराल वालों ने एक दिवसीय महाधरना समाहरणालय परिसर के सामने दिया है। सदर एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर उनकी पत्नी अनिता कुमारी को जलाकर मारने का गंभीर आरोप लगा है। 15 दिन से अधिक बीत जाने के बाद भी अभी भी आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे छुब्ध होकर मृतक अनिता कुमारी के परिजन और हजारीबाग के स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज किया है। हजारीबाग समाहरणालय परिसर के सामने सोमवार को



सरकार के खिलाफ जमकर स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। साथ ही जिला प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतिका अनिता कुमारी के भाई राजू कुमार गुप्ता ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के प्रभाव के कारण आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है और ना ही कोई कार्रवाई हो रही है। इन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर हजारीबाग एसपी ने एसआईटी का गठन भी किया है। लेकिन एसआईटी तात्कालिक एसडीओ के सामने निष्क्रिय हो गई है। उनके दबाव में ही काम कर रही है। इस कारण अब इस मामले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। तब ही घटना का खुलासा होगा। उनका यह भी कहना है कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं होना खुद में कई सवाल खड़ा करता है। एकदिवसीय धरना में पीड़ित परिवार को स्थानीय कई लोगों का भी समर्थन प्राप्त हुआ। मोहल्ला के महिलाएं भी धरना स्थल पर उपस्थित रही। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता भी कई घंटे तक धरना स्थल पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह बेहद तकलीफ की बात है कि बेटी को जिंदा जला दिया जा रहा है। उन्होंने हजारीबाग जिला प्रशासन के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि अब तक कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खुद में खड़ा करता है। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता के साथ-साथ केई समाज सेवियों का भी साथ मिला। हजारीबाग में 26 दिसंबर को दिल दहलाने वाली घटना घटी थी। सदर के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर उनकी पत्नी अनीता देवी को जिंदा जलाकर मारने का गंभीर आरोप लगा था। उनके साले राजू कुमार ने लोहसिंघना थाना में आवेदन दर्ज कराया था। अर्ध जले स्थिति में अनीता देवी को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया गया ।बोकारो से रांची के देवकमल अस्पताल बेहतरीन इलाज के लिए लाया गया। जहां तत्काल एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की मौत हो गई थी।

## एक नजर

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सेमिनार सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृतिनाथ महतो व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया गया। इस विशेष अवसर पर स्वामी विवेकानंद की विचारों की प्रासंगिकता विषय पर एक भाषा एवं वाद विवाद का आयोजन किया गया। भाषण में स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर ने कहा कि परमात्मा की तरह महान आत्मा के वेदों की ज्ञाता, महान संत हिंदू धर्म के प्रवर्तक, आध्यात्मिक ज्ञान से समस्त मानव को कल्याण करने वाली इस ज्ञान दाता युवाओं की प्रेरणादाता थें। प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कहा था कि उठो जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। डॉ अतुल अनुराग तिर्की ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है और पूरा देश स्वामी जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर लालदेव महतो, डॉ चंद्रशेखर राणा, राम किशोर प्रसाद दांगी, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो अनु कुमारी, प्रो ललिता कुमारी, डॉ दीप्ति बरला, संत कोलंबस कॉलेज के प्रोफेसर सोहेल इत्यादि उपस्थित थें।

### प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का हुआ आयोजन

**केरेडारी :** प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन प्रखंड सभागार में प्रमुख मीनू महतो की अध्यक्षता में किया गया। केरेडारी प्रखंड कार्यशाला में उपस्थित रहे उप प्रमुख अमेरिका महतो, जिला परिषद सदस्य ( पूर्वी) गीता देवी, जिला परिषद सदस्य (दक्षिणी) अनीता सिंह, केरेडारी मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, युवा मोर्चा महामंत्री भाजपा अमित गुप्ता, आजसू केंद्रीय सदस्य एवं पूर्व मुखिया लीलाधन साहू, केरेडारी पूर्व मुखिया तापेश्वर साव, सूरज महतो, देवनंदन महतो आदि। कार्यशाला में कई कृषक शामिल हुए और साथ ही महिला कृषकों की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। कार्यशाला के प्रमुख वक्ता मीनू महतो जी ने कई महत्वपूर्ण कृषि संबंधी जानकारी दी एवं उपस्थित किसानों के प्रश्नों का समाधान किया।

### जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे के संभागीय समिति की हुई बैठक

**हजारीबाग :** जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सदस्यों की संभागीय समिति की बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और इस बैठक में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के रेलवे विकास से जुड़े कई मांगों को रेलवे के पदाधिकारियों के समक्ष रखा। जिसमें रांची-कोडरमा वाया हजारीबाग टाउन रेलवे लाइन का दोहरीकरण, रांची से दिल्ली की ओर चलनी वाली ट्रेनों को बरकाकाना/हजारीबाग टाउन/बरही/कोडरमा के रास्ते चलाए जाने, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक गतिविधियों को और सुविधाजनक बनाने के लिए हुंडुर रेलवे स्टेशन पर साइडिंग की व्यवस्था कराने, रांची- वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को बरकाकाना, हजारीबाग टाउन/बरही/कोडरमा के रास्ते चलाने की व्यवस्था कराने, रामगढ़ कैन्ट, माइल, बरकी पोना, टॉयलेट, प्रतीक्षा हॉल, पहुंच पथ जैसे रेलवे की आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने, रेलवे की साइडिंग पर कोयला चोरी और मिक्सिंग जैसे व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने सहित अन्य मांग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मकर संक्रांति में आपदा मित्रों ने गरीब परिवारों संग बांटीं खुशियां



**चौपारण :** आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन के सदस्यों ने हर साल की भांति मकर संक्रांति के अवसर पर विलुप्त प्राय: आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों संग खुशियाँ बांटी। आपदा मित्रों ने कठंबा, बिगहा में निवास करने वाले जनजाति परिवारों के संग चुडा, गुड, तिलकुट, चिप्स, कापी, पेंसिल, रबर, साबुन आदि का वितरण किया। इस दौरान बच्चों के बीच पढने लिखने की सामग्री बांटे जाने पर सभी बच्चे काफी खुश नजर आये। वहीं इनके परिजनों के बीच सौ पैकेट चुडा, गुड और तिलकुट बांटा। हर पैकेट में दो किलो चुडा, ढाई सौ ग्राम गुड और ढाई सौ ग्राम तिलकुट रखा गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए आपदा मित्रों ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा हर पर्व त्यौहार पर बिरहोर परिवारों के बीच खाने पीने की सामग्री, कपड़े, कंबल तथा आवश्यकता नुसार सामानों का वितरण किया जाता है। सारी सामग्री आपसी सामुहिक चंदे से खरीदकर बांटी जाती है। बताया कि हर आयोजन में आपदा मित्रों को स्थानीय व्यवसायी वर्ग से जुड़े सजग लोगों का साथ मिलता आया है। सोमवार को फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने अपने दिवंगत पिता के स्मरण में वितरण सामग्री उपलब्ध करवाई। उनके अलावा अनिल केशरी, सुधीर केशरी, संतोष केशरी, सुषमा केशरी, प्रमोद केशरी ने भी सहयोग किया। आपदा मित्रों ने बताया कि आने वाले समय में भी सहयोग और समर्पण का कार्य जारी रहेगा। जानकारी हो कि कोरोना काल के पहले फेज में 2020 में अस्तित्व में आये आपदा मित्रों द्वारा क्षेत्र में लगातार सामाजिक और सामुदायिक उत्थान के लिए अनेक मंगलकारी कार्यों को संचालित कर रहा है। मौके पर अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष रोहित जैन, हेमंत साहु, मनीष साहु, प्रमोद सोनी, पांडेय जी, अनुज सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### पूर्व विधायक के आवास में दही, चूड़ा और तिलकुट के सामूहिक भोज का हुआ आयोजन



**चौपारण :** पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर दही, चुड़ा, तिलकुट सामूहिक भोज कार्यक्रम सह नववर्ष के मौके पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे बरही विधानसभा के अलावे अन्य क्षेत्रों के भी शुभचिंतको का जमावड़ा लगा रहा। पूर्व विधायक स्वयं अपने हाथों से उपस्थित लोगों को दही, चूड़ा, तिलकुट, गुड़ परोसा। पूर्व विधायक ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से आपसी सौहार्द्र कायम होता है। इसे राजनीतिक कार्यक्रम के तौर पर कतई नहीं देखना चाहिए। साथ ही पूर्व विधायक ने समस्त बरही विधानसभा व झारखंडवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिप सदस्य रवि अकेला, मन्टू यादव, प्रिंस कुमार, गुलाबी यादव, मनोज यादव, मनोज सिंह, उमेश सिंह, करुणा चंद्रवंशी, सोनू दास सहित कई अन्य सक्रिय दिखे। मौके पर एसडीओ जोहान टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, चौपारण सीओ संजय कुमार यादव, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के अलावे मथुरा चौरसिया, सत्यनारायण पांडे, नीतीश कुमार, मनीष सिंह,मनोज सिंह, नगीना सिंह, विवेक सिंह, नकुल यादव, मो० मनुवर, मो० गुलबहार, इत्यादि सहित सैकड़ो लोगों ने दही चुड़ा तिलकुट का लुफ्त उठाया।

### मकर संक्रांति में मेला के आयोजन की तैयारी पूरी

**बड़कागांव :** बड़कागांव के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम सोनपुरा पंचवाहिनी मंदिर, नापोखुर्द पंचायत के मुरली पहाड़ मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेला का आयोजन सोनपुरा समाज ने किया है। मेला समिति के संरक्षक पारसनाथ प्रसाद पूर्व मुखिया कांडतरी पंचायत एंव पंसस रंजीत चौबे ने संयुक्त रूप से कहा कि मेले के आयोजन से आपसी संबंध मजबूत होता है। मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को हर संभव मेला कमेटी की ओर से सुविधा दी जाएगी। कमिटी की ओर से शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यदि शराब बिक्री करते पकड़े जाते हैं तो उन्हें कमेटी की ओर से सामाजिक तौर पर दंडित किया जाएगा। पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी के रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया गया है। वहीं कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मोहित कुमार दांगी एवं मनोरंजन मंत्री गुलेश्वर कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि दर्शकों के मनोरंजन को लेकर 14 जनवरी एवं 16 जनवरी की रात्रि में और आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें दूर दराज से आए हुए कलाकारों के द्वारा कला की प्रस्तुति की जाएगी।

### प्रशिक्षण के माध्यम से किसान परिवार आत्मनिर्भर बन सकते हैं : बीएन साह



**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में परिसर में सोमवार को एस आर शिक्षण समिति वाराणसी और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय 'एग्रीकल्चर मार्केटिंग' रखा गया है। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह और सम्मानित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। सभी सम्मानित अतिथियों को एनसीसी कैडेट्स और विश्वविद्यालय के छात्रों ने झारखंड के सांस्कृति पर आधारित नृत्य कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूजा कुमारी जायसवाल ने किया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी अतिथियों और ग्रामीण किसानों को स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में किसान परिवार आत्मनिर्भर बन सकते हैं। वही, अतिथियों ने एग्रीकल्चर मार्केटिंग विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। प्रथम दिन की मुख्य प्रशिक्षक डॉ प्रियंका कुमारी ने विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विपिन कुमार पाठक, पन्नालाल मुर्मू एवं रामगढ़ महिला कॉलेज के व्याख्याता डॉ संजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### झारखंड कैडर के 10 आईपीएस को लेवल 12 वेतनमान में प्रोन्नति

**रांची :** झारखंड कैडर के 10 आईपीएस को लेवल 12 वेतनमान में प्रोन्नति मिली है। प्रोन्नति पाने वाले आईपीएस अधिकारियों में ऋषभ कुमार झा, अंजनी अंजन, सौरभ, अमित रेणु, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार और पूज्य प्रकाश शामिल हैं। इस प्रोन्नति से इन आईपीएस अधिकारियों का वर्तमान प्रतिस्थापन प्रभावित नहीं होगा। साथ ही इस शर्त के साथ प्रोन्नति दी गयी है कि वे अगले प्रशिक्षण स्लॉट में एमसीटीपी फेज-3 का प्रशिक्षण पूरा करेंगे। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।


### रिम्स के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने डायरेक्टर ऑफिस के बाहर किया प्रदर्शन

**रांची :** रिम्स के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने वेतन न मिलने को लेकर डायरेक्टर ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें पिछले छह महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। इसके अलावा कुछ कर्मियों को तो 10 महीने से भी वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि वे समय पर अपने कार्यों को पूरी निष्ठा से निभाते आ रहे हैं, लेकिन प्रबंधन द्वारा वेतन का भुगतान न किया जाना उनके जीवन यापन में परेशानी बन रहा है।

### आइएएस संवर्ग में प्रमोट हुए अफसरों को ज्वॉइंट सेक्रेट्री का मिला पद

**रांची :** आइएएस संवर्ग में प्रमोट हुए राज्य सेवा के अफसरों को ज्वाइंट सेक्रेट्री रैंक मिला है। हालांकि कि उन्हें उन्ही विभागों में ही पदस्थापित किया है। ज्वाइंट सेक्रेट्री रैंक पाने वाले अफसरों में सुधार बाड़ा, अनिल कुमार तिर्की, शैल प्रभा कुजूर, नीलम लता, संदीप कुमार, पशुपतिनाथ मिश्र और राजकुमार गुप्ता शामिल हैं। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

### राज्य में ठंड के साथ कोहरा और बादलों के छाए रहने की संभावना



**रांची :** राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 14 जनवरी तक हल्के बादल व धुंध छाए रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, 14 जनवरी को राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे के कोहरे या धुंध बनने के बाद आसमान साफ हो जाएगा। इसके बाद तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। झारखंड में बादल छाए रहने से रात में कनकनी से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन बादल की वजह से दिन के तापमान में गिरावट जारी रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, 15 जनवरी के बाद मौसम साफ होने की संभावना है। 15 से 18 जनवरी तक के मौसम पूर्वानुमान में सुबह में कोहरे बनने के बाद आसमान में आंशिक बादल बनने की संभावना व्यक्त की गई है। 14, 15 और 16 जनवरी को दोबारा ठंड का प्रकोप बढ़ जाएगा। इन 3 दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। मौसम विभाग ने राजधानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के साथ अन्य जिलों में कोहरे के अलर्ट के साथ बादल छाए रहने और बारिश होने की आशंका जताई है।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय राज्य का गौरव : कृषि मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय झारखंड का गौरव है क्योंकि यह झारखंड की पहचान धरती आबा बिरसा भगवान और कार्तिक उरांव से जुड़ा हुआ है तथा इसका उद्घाटन यशस्वी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। यहां का शिक्षण, अनुसंधान तथा कृषक समुदाय के उत्थान का कार्य इसकी गरिमा के अनुरूप होना चाहिए।
श्रीमती तिर्की ने बीएयू की गतिविधियों, उपलब्धियों और समस्याओं की जानकारी लेने के लिए सोमवार को विश्वविद्यालय में लगभग 5 घंटे व्यतीत किये तथा वहां के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गुणवत्ता युक्त बीज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य में 10 बीज ग्रामों की स्थापना का निर्णय लिया है और राज्य की बीज नीति तैयार करने के लिए कृषि निदेशक और विश्वविद्यालय अधिकारियों की एक बैठक शीघ्र विभाग में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 10 फरवरी तक आयोजित किए जाने वाले एग्रोटेक किसान मेला में राज्य के सफल और प्रगतिशील किसानों को बड़ी संख्या में बुलाया जाए।
उन्होंने कहा कि बिरसा भगवान की जन्मस्थली उलिहातू सहित खूंटी, रांची एवं गुमला जिला के 5-6 गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए बीएयू अंगीकृत करे और 3 वर्षों के लिए निश्चित विकास कार्यक्रम तय करे ताकि उन गांवों में विकास की गति देखकर आसपास के अन्य गांव भी प्रेरित-प्रोत्साहित हों।
मंत्री ने वानिकी अधिष्ठाता को निर्देश दिया कि नाहेप परियोजना के तहत उलिहातू गाँव में किये गए बेसलाइन सर्वे, चलाये गये विकास कार्यक्रम तथा तथा इंपैक्ट स्टडी की रिपोर्ट उन्हें यथाशीघ्र उन्हें सौंपी जाय। उन्होंने बम्बू मिशन, हनी बी मिशन तथा एक जिला एक उत्पाद परियोजना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा किया गया कार्यों, उसके प्रभाव तथा लाभान्वित किसानों के संबंध में एक रिपोर्ट शीघ्र सौंपने का निर्देश निदेशक प्रसार शिक्षा को दिया। उन्होंने शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी कैस योजना के बारे में भी जिज्ञास रखी और कहा कि उससे संबंधित गजट नोटिफिकेशन शीघ्र जारी कर दिया जाएगा। मंत्री ने शिक्षकेतर कर्मियों की प्रोन्नति संबंधी नीति शीघ्र तैयार करने तथा एसीपी/एमएसपी के मार्ग में उत्पन्न बाधाओं को दूर करने के लिए विभाग में एक बैठक करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने वित्तीय और प्रशासनिक कामकाज में नियमों का पालन दृढ़ता पूर्वक करने का निर्देश विश्वविद्यालय अधिकारियों को दिया।
आरम्भ में बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियां, चुनौतियां मुद्दों तथा भावी रोड मैप के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया और कहा कि मानव संसाधन की कमी यहां की सबसे प्रमुख समस्या है। नये स्थापित सात कॉलेज पूरी तरह संविदाकर्मी शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं। यूजी पाठ्यक्रमों में स्वीकृत सीटों पर लगभग 70% छात्राएं प्रवेश ले रही हैं जिनके लिए छात्रावास की कमी है। उन्होंने कहा कि कामकाज में तेजी लाने के उद्देश्य से सभी अधिकारियों और कर्मियों को शीघ्रतापूर्वक कार्य निष्पादित करने का सख्त निर्देश दिया गया है। अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## अफीम की गैरकानूनी खेती करने का आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शहर की दशमफॉल थाना पुलिस ने अफीम की गैरकानूनी खेती करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसके पास से दो मोटर, सिंचाई पंप, दो एलईडी लाइट और 10 अफीम का पौधा बरामद किया गया है। वह दशमफॉल थाना के कडरूडीह गांव का रहने वाला है।
ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि डीआईजी सह एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि दशमफॉल थाना क्षेत्र के कडरूडीह ग्राम के आसपास के क्षेत्र में वृहत पैमाने पर अफीम की खेती की गयी है। सूचना के बाद एसडीओ बुंडू के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कडरूडीह गांव के आस-पास के वन क्षेत्र में लगे करीब पांच एकड़ अफीम की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया।
एसपी ने बताया कि इस संबंध में दशमफॉल थाना में कांड अंकित कर अफीम की खेती करने के आरोपित मेघनाथ मुण्डा को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार चार अन्य आरोपियों के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में बुंडू एसडीपीओ ओमप्रकाश, दशमफॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, गणेश कुमार यादव, अनिल कुमार मोहली, अनिल कुमार यादव, विरेन्द्र साहु, नन्दकिशोर महतो, जगरनाथ सिंह मुण्डा सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

राजद कार्यालय में श्रम मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, कहा-

## कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्रम मंत्री संजय प्र. यादव ने सोमवार को राजद प्रदेश कार्यालय में राज्य के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान हमेशा सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि वे पार्टी की रीढ़ होते हैं। मंत्री ने पार्टी की विचारधारा और सुप्रीमो लालू यादव तथा तेजस्वी यादव की नीतियों से प्रेरित होकर राजद का समर्थन बढ़ने की बात की। उन्होंने यह भी बताया कि हेमन्त सोरेन सरकार में मंत्री बनने के बाद लोगों में एक नई आशा जागी है। उन्होंने कहा कि वे अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि कार्यकर्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा किया जाए।

**मंत्री की सक्रियता से राजद को कई क्षेत्रों में सफलता मिल रही**

राजद महासचिव कैलाश यादव ने मंत्री संजय यादव के कार्यशैली की सराहना करते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी में उत्साह बढ़ा है। मंत्री की सक्रियता से राजद को कई क्षेत्रों में सफलता मिल रही है। इस दौरान मंत्री संजय प्र. यादव ने बताया कि वे लगातार राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित कर रहे हैं। वे लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने में भी जुटे हैं। मंत्री संजय प्र. यादव के इस सक्रिय प्रयासों से कार्यकर्ताओं में उत्साह और विश्वास बढ़ा है।

## गणित प्रदर्शनी में गणितीय फार्मूलों पर आधारित गेम्स और नाटक बने आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** टेंडर हार्ट स्कूल में सोमवार को गणित प्रदर्शनी का आयोजन बड़े ही भव्य और प्रेरणादायक ढंग से किया गया। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के विशाल सभागार में आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, ज्ञान और मेहनत का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 50 से अधिक मॉडलों के माध्यम से गणित के जटिल प्रमेयों और फर्मूलों को सरल, सजीव और आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में आर्किमिडीज सिद्धांतस, पास्कल का त्रिकोण और त्रिकोणमिति के नियमों जैसे गणितीय पहलुओं को न केवल समझाने, बल्कि व्यावहारिक जीवन से जोड़कर दिखाने का प्रयास किया गया। इन मॉडलों ने दर्शकों को यह महसूस कराया कि गणित का उपयोग केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बलिक यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है।
कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गणितीय फर्मूलों पर आधारित रोचक गेम्स थे, जिन्होंने छात्रों और अभिभावकों दोनों को गणित के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया। इसके अलावा, एक शानदार नाटक ने यह दिखाया कि गणित हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है और इसकी उपयोगिता कितनी गहरी है। प्रदर्शन का शुभरांभ टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने गणित की महत्तव को रेखांकित करते हुए इसे जीवन का आधार बताया और कहा, गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। अगर इसे सही दिशा, तकनीक और रोचकता के साथ पढ़ाया जाए, तो यह सबसे रोमंचाक और उपयोगी विषय बन सकता है।

## गायब दो बहनों की खोज के लिए आईजी के निर्देश पर एसआईटी गठित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके से गायब हुई दो सगी बहनों की तलाश में पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में कुछ अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। रांची के आईजी अखिलेश झा के नेतृत्व में इस मामले की गंभीरता को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें दोनों बहनों की खोजबीन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। गौरतलब है कि 11 जनवरी के दोपहर 1 बजे से रांची के हिंदपीढ़ी की रहने वाली दो सगी बहनें लापता हैं। परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत में अपहरण का मामला दर्ज कराया है।
बता दें कि दोनों बहनों की तलाश में पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया है। जिसमें कोतवाली डीएसपी, सिटी एसपी और शहर के आठ थाना प्रभारी शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस की टेक्निकल सेल भी सक्रिय रूप से काम कर रही है। सभी टीमें मिलकर युवतियों की खोजबीन में जुटी हुई हैं और जल्द ही उन्हें खोज निकालेगी। पुलिस की टीम ने इस मामले में कई राज्यों में छापेमारी भी की है और लगातार सुरागों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि दोनों युवतियों की जल्द ही खोज निकालेगी।

## रांची में धूमधाम से मनाया गया नमो पतंग उत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में सोमवार को रातू रोड ओटीसी ग्राउंड के मैदान में धूमधाम से नमो पतंग उत्सव मनाया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पतंग उड़ाकर उत्सव की शुरूआत की। उन्होंने युवाओं और बच्चों के बीच नमो पतंग, लटेर और धागे का वितरण किया। साथ ही महिलाओं और बुजुर्गों को कंबल भी दिया।
संजय सेठ ने कहा कि हिंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए हम आज भी पतंग उत्सव, मकर संक्रांति, लोहड़ी और टुसू सहित अन्य त्योहारों को बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। पतंग की उड़ान के संग हम चाहते हैं कि आज देश के युवा भी अपनी प्रगति पर ऐसी उड़ानों के साथ देश और समाज का भविष्य तय करें।
समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 2006 से समिति के जरिये किया जा रहा है, जो निरंतर आज तक चल रहा है। आयोजन के प्रायोजक प्रेमसंस मोटर है। इस अवसर पर लोगों के बीच खिचड़ी के महाभोग सहित तिलकुट, मूडी लड्डु, टॉफी, खिलौना का भी वितरण किया गया। काफी संख्या में लोग आयोजन के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए।
कार्यक्रम में रवींद्र मोदी, पुनीत पोद्दार, अमरेंद्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार और कमलजीत सिंह शंटी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मस्जिद जाफरिया में जश्न-ए-मौलूद ए-काबा का आयोजन

**रांची :** पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद (स.) के दामाद हजरत अली के जन्म दिवस के अवसर पर मस्जिद जाफरिया में जश्न-ए-मौलूद-ए-काबा का आयोजन किया गया। तेरह रजब को पूरी दुनिया के मुसलमान हजरत अली की याद में मिलाद मनाते हैं। मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी सोमवार को मस्जिद जाफरिया में आयोजित जश्न-ए-मौलूद-ए-काबा के कार्यक्रम में अपना संदेश दे रहे थे। मौलाना ने कहा कि हजरत अली की पैदाइश तेरह रजब सन 30 उम्मुल फील को मक्के की पाक सरजमीन, अल्लाह के घर, खान-ए-काबा में हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### जेसीआई रांची ने खेला कंट्री क्रिकेट क्लब के साथ फ्रेंडली मैच



**रांची :** रांची अपने क्रिकेट प्रेम के लिए जाना जाता है। जेपीएल और आरसीएल लीग मैच पूरे रांची से लोग देखने और खेलने आते है। इसकी शुरूआत करते हुए सोमवार को जेसीआई ओर कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) के बीच जेएससीए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के ओवल ग्राउंड में एक फ्रेंडली मैच खेला गया जिसमें सीसीसी ने 2 रनों से जीत दर्ज की। इस रोमांचक मैच में आखरी दो गेंदों में जेसीआई रांची की ओर से राजेश जैन ने दो छक्के मारे लेकिन केवल दो रनों से मैच जीत नहीं पाए। सीसीसी ने कुल 8 विकेट खो कर 16 ओवर में 155 रन बनाए, वहीं जेसीआई ने 9 विकेट खो कर 16 ओवर में 153 रन बनाए। बेस्ट बल्लेबाज का खिताब पीयूष सिंह को, बेस्ट गेंदबाज का खिताब अनुपम को और मैन ऑफ मैच का खिताब पीयूष सिंह को दिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जेसी राजीव रंजन ने कुशलता से किया।

### विधायक भूषण बाड़ा ने रांची उपायुक्त से की मुलाकात



**रांची :** सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।

### उपायुक्त से मिले एनयूएसआरएल के वीसी



**रांची :** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ) अशोक आर पाटिल ने सोमवार को रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। उपायुक्त से यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।

### बाबूलाल ने सक्षम महिलाओं को 2,500 और विधवाओं को 1,000 देने पर किए सवाल




**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सक्षम महिलाओं को 2,500 रुपये और विधवाओं को केवल 1000 रुपये दिए जा रहे हैं। हेमंत सरकार किस तर्क से यह अन्यायपूर्ण अंतर पैदा कर रही है? सरकार को सबसे कमजोर वर्ग असहाय विधवा महिलाओं के अधिकारों पर कुठाराघात करने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### ब्राउन शुगर के तीन धंधेबाज गिरफ्तार



**रांची :** जिले की सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर कारोबार से जुड़े तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में युवराज कुमार, कुंदन वर्मा और सौरभ गुप्ता शामिल हैं। इनके पास से 15.7 ग्राम ब्राउन शुगर और दो मोबाईल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने तीनों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी ने सोमवार को बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुक्तिधाम पुल के पास अवैध नशीले पदार्थों का खरीद-बिक्री होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये तीनों युवकों के जरिये स्वयं स्वीकार किया गया कि ब्राउन शुगर को सासाराम के रहने वाली भाभी जी उर्फ रुबी देवी के पास से लेकर रांची में विधानगर सुखदेवनगर, करमटोली, हरमू मैदान, जगन्नाथपुर, हिनु और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बिक्री करने का काम करते हैं। पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान कर रही है।

### ट्रिपल टेस्ट के नाम पर निकाय चुनाव को नहीं कर सकते स्थगित : हाई कोर्ट




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में नगर निकाय चुनावों को लेकर दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस मामले में राज्य सरकार ने बताया कि वह ट्रिपल टेस्ट करके चुनाव कराने की तैयारी में है। लेकिन इस पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक बगैर ट्रिपल टेस्ट के चुनाव हो। कोर्ट ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव को स्थगित नहीं किया जा सकता। यदि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी चुनाव नहीं कराती है तो यह कोर्ट की अवमानना होगी। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता ने जानकारी दी कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने अभी तक नया वोटर लिस्ट उपलब्ध नहीं कराया है। जिस कारण चुनाव कराने में देरी हो सकती है। इधर प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट से जल्द से जल्द चुनाव कराने की अपील की। इस मामले की अगली सुनवाई जल्द होगी। बता दें कि प्रार्थी रोशनी खलखो की ओर से नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी।

# बोकारो में दुकानों पर लगे तम्बाकू उत्पाद के विज्ञापन से सम्बंधित पोस्टर हटाये गये

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4, 6ए, 6बी के तहत थाना प्रभारी सेक्टर 6 के निर्देशन में जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा सेक्टर-6 डीएवी स्कूल, क्रेसेन्ट पब्लिक स्कूल, डी0पी0एस0 सेक्टर 5, चिन्मया स्कूल व चीराचास पुल के निकट कुल लगभग 77 दुकानों की जांच की गई जिसमें कोटपा कानून उल्लघंग की स्थिति में कुल 14 प्रतिष्ठानो/व्यक्तियों का चालान काटकर 2100/ रू अर्थदन्ड की वसूली की गई। थाना प्रभारी सेक्टर 6 के अनुसार बताया गया कि तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत कोटपा-2003 के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु आज अभियान चलाया गया है जिसमें विशेषकर देखा गया है कि स्कूल के 100 गज के दायरे में कोई ऐसा दुकान तो नही है जो तम्बाकू उत्पाद बेच रहा है। जिन दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद से सम्बन्धित विज्ञापन का पोस्टर लगा था उसको हटवाया गया है और उन्हें सख्त निर्देश दिया गया है कि कि अपने दुकानों पर विज्ञापन वाला पोस्टर न लगाये अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत चालान की जायेगी जिसमें उल्लंघनकर्ता वाले दुकारदार को 1000 का जुमार्ना या दो वर्ष का कारावास अथवा दोनो हो सकता है और सप्लाईकर्ता को 5000 का जुर्माना या 5 वर्ष का कारावास अथवा दोनो हो सकता है। तो भविष्य में ऐसी गलती न हो इसके लिये सभी दुकानदार तैयार



रहें और कोटपा के सभी कानून का पालन करे। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि कोटपा-2003 की धारा 6ए यानी अठठारह साल से कम आयु वर्ग के बच्चो को तम्बाकू उत्पाद बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है एवं धारा 6बी यानी स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू की दुकान न हो इसके अनुपालन के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो के द्वारा सभी बोकारो वासी से अनुरोध किया गया कि खुले/सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान का सेवन न करें। यदि खुले में धुम्रपान का सेवन करते हुये पकडे गये तो कोटपा-2003 की धारा 4 के तहत कार्रवाई की जायेगी और सभी दुकानदार से अपील है कोटपा-2003 की धारा-7 की उपधारा के अनुसरण के तहत झारखण्ड राज्य में विनिर्दिष्ट चेतावनी के बिना किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद/सिगरेट/खुली सिगरेट की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। उक्त अधिनियम की धारा-7 की उपधारा-2 का उल्लंघन कोटपा-2003 की धारा 20 के अन्तर्गत दन्डनीय अपराध है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की विक्री न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सेक्टर 6 थाना की गशती बल साथ में उपस्थित थे।

## जैप 4 में शोक की लहर, दो जवानों का निधन, कमांडेंट मुकेश कुमार ने दी सलामी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के जैप 4 के हवलदार सुदेश कुमार झा, जो वाहिनी की जी० कम्पनी प्रतिनियुक्ति स्थलः- पुलिस केन्द्र, बोकारो में प्रतिनियुक्त थे का पुलिस केन्द्र, बोकारों से झा०स०पु०-4, बोकारो वाहिनी कैम्पस में आने के क्रम में ही वाहिनी के आर०पी० गेट नं- 02 के सामने बीती रात्रि 8 बजे के करीब ट्रक के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये । उन्हें वाहिनी के पुलिसकर्मियों द्वारा तुरंत सदर अस्पताल, बोकारो ईलाज के लिए ले जाया गया। जहाँ चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कुछ ही समय बाद यह सूचना प्राप्त हुई कि इसी वाहिनी के आरक्षी 784 अनिल हेरेंज जो सैट-120 पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोयला क्षेत्र, बोकारो के अधिनस्त पुलिस केन्द्र, धनबाद में प्रतिनियुक्त थे का अस्पताल में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। कुछ दिन पूर्व उनका ब्रेन हेमरेज हो गया था तथा उनका ईलाज धनबाद में ही चल रहता था। आज वाहिनी मुख्यालय कैम्पस में मृत्य हवलदार सुदेश कुमार झा के पार्थिव शरीर को लाया गया एवं शोक सलामी दी गई। मुकेश कुमार, समादेष्टा, झा०स०पु०-4,बोकारो द्वारा उनको भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित किया गया एवं उपस्थित पुलिस एसो० एवं मेन्स एसो० के पदाधिकारी गण एवं सभी कर्मियों द्वारा फूल अर्पित कर अंतिम विदाई दी गई तथा उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक जिला बांका के लिए भेजा गया। वही आरक्षी अनिल हेरेंज का भी पुलिस केन्द्र, धनबाद में सम्मान पूर्वक श्रद्धांजली अर्पित किया गया।

## हाड़ी जाति विकास मंच ने किया शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के भूली में स्थित शांति वाटिका में हाड़ी जाति विकास मंच धनबाद जिला कमिटी के नवगठित जिला कमिटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप से हाड़ी जाति विकास मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनूपलाल हरि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने बाबा साहब के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर किया । तत्पश्चात धनबाद जिला कमिटी के द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया । साथ ही बोकारो जिला से आए महिला समिति के सदस्यों को भी



धनबाद जिला कमिटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का सभा अध्यक्ष बंटी कुमार हरि एवं संचालन राजू हरि ने किया। इस चुनाव के प्रवेक्षक संजय कुमार हरि थे। पूरे धनबाद जिला हाड़ी जाति विकास मंच के लोगों ने सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डब्लू हाड़ी कार्यकारणी अध्यक्ष, सुभाष हाड़ी, सचिव बच्चन हरि, कोषाध्यक्ष मानिक हाड़ी, संगठन मंत्री राजू हरि, प्रवक्ता राजू हाड़ी चुने गए । चुने गए पदाधिकारियों का प्रदेश से आये पदाधिकारियों ने सभी को प्रशस्ति पत्र, माला एवं अंगवस्त्र देकर धनबाद जिला के नवगठित पदाधिकारियों के रूप में मनोनीत किया गया । साथ ही धनबाद जिले से चार पदाधिकारियों को प्रदेश में जगह दी गई जिसमें प्रकाश हरि प्रदेश युवा सचिव, सुनील हरि प्रदेश सह सचिव, कालो हरि प्रदेश संगठन सचिव, हीरालाल कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किए गए।

## फूजी फिल्म ने फोटोग्राफरों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन एवं रेनबो कलर लैब के तरफ से आधुनिक एवं नई तकनीक से फोटोग्राफी करने के लिए फूजी फिल्म द्वारा एक निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुर स्थित सेलिब्रेशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को गुलदस्ता देकर किया गया जिसमें फूजी फिल्म के मैटर गौतम बारिया को शुभम ने, सायंतन दास ए. एस.म को उपेंद्र दास, समौजित शाहा टेक्निनल ईस्ट को पल्लव रॉय, कृष्णा यादव फ्रड झारखंड को तपन सुपकार, आसनसोल फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष को संतोष मिश्रा, आसनसोल फोटोग्राफर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव टिंकू शर्मा को मुन्ना चौहान, रेनबो कलर लैब एवं गणपति कलर लैब के ओनर गोलू अग्रवाल को रंजन शर्मा ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। फूजी फिल्म के




मैंटर गौतम बारिया ने कहा झारखंड में जमशेदपुर के बाद धनबाद में सिनेमैटिक स्टोरी टेलिंग स्टोरी कैसे बनाया जाए उस पर धनबाद जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन ने कार्यशाला का आयोजन किया है जो फोटोग्राफरो के एडवांसमेंट एवं उनकी इंप्रूवमेंट के लिए है। फूजी फिल्म कैमरा के एडवांस टेक्नोलॉजी, फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के नई तकनीक एवं एडिटिंग के टिप्स एंड ट्रिकस के बारे में जानकारी दी गई। फूजी फिल्म द्वारा लांच किए गए नए कैमरे, उसकी विशेषता एवं फोटोग्राफरों को काम के दौरान होने वाले चुनौतियों से कैसे ठीक किया जाए इसके बारे में जानकारी दिया। कार्यशाला में धनबाद सहित, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, तोपचाची, राजगंज, टुंडी, बलियापुर, निरसा, सिंदरी, झरिया, बैंकमोड़, पुटकी, केंदुआ, कतरास, भूली, बस स्टेंड, सरायढेला, हीरापुर एवं विभिन्न क्षेत्र के लगभग 120 फोटोग्राफर्स शामिल हुए। कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के अध्यक्ष बुला चंद्र, सचिव मुन्ना सिंह, कोषाध्यक्ष कुमार विश्वास, उपाध्यक्ष अजीत कुमार ,उमेश, सोनू कुमार, दिलीप शाह,दीपांकर व अन्य उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा समाज ने वनभोज सह मिलन समारोह का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विश्वकर्मा मंदिर,4 जी परिसर में विश्वकर्मा समाज के द्वारा पारिवारिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाज के बच्चों के बीच खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया साथ ही समाज के मेधावी बच्चों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बिरंची नारायण शरीक हुए और समाज को हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष विकास राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रधान महासचिव संतन शर्मा, रांची जिला के अध्यक्ष शके राजेश शर्मा तथा हजारीबाग जिला के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर विकास राणा ने समाज के वरिष्ठ सदस्य



नुनूलाल विश्वकर्मा, साधुमन शर्मा, रामलखन मिस्त्री, रतनलाल विश्वकर्मा को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में समाज द्वारा किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। विकास राणा जी को भी समाज द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन के अंत में ट्रैफिक पुलिस इन्स्पेक्टर आर के राणा उपस्थित हुए। उन्हें भी समाज द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में सबों से आग्रह किया कि सभी लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागृत करें। कुल मिलाकर समारोह सफल रहा, लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। वनभोज को सफल बनाने में लालाबाबू शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, रामनाथ शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# कार्मेल स्कूल मामले की डालसा ने की जांच, झालसा को जल्द भेजेगी रिपोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह में 10वीं की छात्राओं के पेन डे मनाने पर उनकी शर्ट उतरवाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। डालसा व जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को मामले की जांच शुरू की। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित 8 सदस्यीय टीम ने जांच की। डालसा के सचिव अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि टीम ने स्कूल की 10वीं व 11वीं कक्षा की छात्राओं, उनके अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन का बयान लिया है।



जांच प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। सीसीटीवी फुटेज को टेक्नीशियन की मदद से देखा गया और उसकी बारीकी से जांच की गई। टीम जल्द ही अपनी जांच रिपोर्ट झालसा को भेज देगी।

उन्होंने कहा कि आगे झालसा का जैसा निर्देश होगा वैसी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। डालसा सचिव ने टीम की जांच में क्या मिला, इस बाबत कुछ भी बताने से इनकार किया. टीम में डालसा सचिव राकेश रोशन, एसडीएम धनबाद राजेश कुमार, डीएसडब्ल्यू अनीता कुजूर, डीईओ निशु कुमारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीओ साधना कुमारी, सीडीपीओ सिंदरी, जोड़ापोखर थाना प्रभारी, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट सहित अन्य लोग शामिल थे।

**अभाविप ने स्कूल गेट पर किया प्रदर्शन**

इसी बीच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने सोमवार को स्कूल के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। मामले में दोषी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर गेट जाम कर दिया.एबीवीपी के छात्र स्कूल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने और प्रिंसिपल पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

## एक नजर

### कार्मल की लड़कियों के सवाल पर दिल्ली में होगी बैठक




**धनबाद:** धनबाद समेत अन्य जिलों के साथ साथ आसनसोल में भी कार्मल स्कूल, डिगवाडीह, धनबाद में 10 वीं की छात्राओं की शर्ट प्राचार्या द्वारा उतरवाने का मुद्दा जोरदार तरीके से गूंजा। आसनसोल में ब्यूटी पेजेंट आयोजित था। बंगाल और झारखंड के प्रतिभागी थे। पत्रकार प्रीति पूजा मुख्य अतिथि थीं। दिल्ली निवासी पत्रकार प्रीति पूजा जो मूलतः धनबाद की हैं, ने कहा कि डिगवाडीह, धनबाद स्थित कार्मल स्कूल की छात्राओं के मुद्दे को राष्ट्रीय फलक पर ले जायेंगी ।

### डीएवी-6 में सड़क सुरक्षा हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो में सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित सड़क सुरक्षा हेतु विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौवीं व कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित 'क्विज प्रतियोगिता' तथा कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए' स्लोगन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी सदन के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया । 'क्विज प्रतियोगिता 'में विवेकानंद सदन प्रथम, हंसराज सदन द्वितीय, स्थान तथा दयानन्द सदन तृतीय स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मनीषा अश्विनी सहाय व आभा कुमारी तथा तकनीकी एक्सपर्ट श्याम भूषण श्रीवास्तव के सहयोग से हुआ। स्लोगन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता में रिया कुमारी कक्षा 9 से श्रद्धानंद सदन से प्रथम, अनिका वेद विवेकानंद सदन से तथा हंसराज सदन से तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु प्रतिज्ञा ली गई। विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह ने बच्चों को सड़क पार करते समय दी जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज सड़क पर यातायात नियमों का पालन न करने का परिणाम यह होता है कि आज कहीं न कहीं सड़क हादसे हो जाते है। ये हमारी लापरवाही का नतीजा है ।

### असिस्टेंट अकाउंटेंट की कसमार में गोली मारकर हत्या



**बोकारो :** जिला के कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुकरपुर पंचायत में 35 वर्षीय पिंटू कुमार नायक की बीती रात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने घर में सो रहे पिंटू कुमार नायक को दो गोली मारी। एक गोली बायें कनपटी पर तथा दूसरी गोली सीने में मारी। घटना को अंजाम देकर दोनों अपराधी फरार हो गए। हजारीबाग ट्रेजरी में असिस्टेंट अकाउंटेंट पर कार्यरत थे - मृतक पिंटू कुमार नायक करीब एक डेढ़ वर्ष पूर्व हजारीबाग जिला के ट्रेजरी में बतौर असिस्टेंट अकाउंटेंट पर बहाल हुए थे। पिंटू रविवार को छुट्टी होने के कारण अपने घर मधुकरपुर के ऊपर टोला में घर पर सो रहा था। रात करीब ग्यारह बजे दो लोग छत होते हुए घर में शामिल हुए। गोली मारी। आवाज सुनकर बरामदे में सो रहे पिंटू कुमार नायक के पिता सकुल साव की नींद खुली। दो लोगों को छत की ओर भागते देखा। मां बगल के कमरे में सोई थी। घटना की सूचना पाकर कसमार थाना पहुंची। जख्मी पिंटू को जरीडीह अस्पताल लाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कतरास में अनुकूल चंद्र का 137वां जन्मोत्सव मनाया गया




**धनबाद :** राजस्थानी समाज भवन कतरास में रविवार को ठाकुर अनुकूल चंद्र का 137 वां जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम सुबह उषा कीर्तन का आयोजन किया गया। उसके बाद सुबह नौ बजे भव्य नगर भ्रमण सह शोभा यात्रा का निकाली गई। जिसमें महिला, पुरुष व बच्चे सभी पारंपरिक वेशभूषा में सज धज हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे। जयकारे का उदघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। चंदनक्यारी से आई कीर्तन में मंडली के धार्मिक भजन पर महिला व पुरुष नाचते गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। ठाकुर जी का कीर्तन व भव्य शोभायात्रा को देखने के लिए शहर में सड़क के दोनों किनारे पर लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को लेकर कतरास थाना की पुलिस मौके पर तैनात थी। शोभायात्रा में ठाकुर अनुकूल चंद्र जी की तस्वीर को सुसज्जित रथ पर लेकर चल रहे थे। इसके बाद राजस्थानी समाज भवन में ठाकुर जी की तस्वीर की पूजा अर्चना किया गया। भजन कीर्तन के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। मौके पर विकास मित्रा,एसके दत्ता,निमाई भट्टाचार्य,केपी दत्ता, अधीर सरकार, प्रेमानंद राम, नारायण दास,प्रदीप घोष,मिलई चंद्र, बलराम रवानी,केपी मंडल,सुब्रत हाजरा, पूर्णिमा सेनगुप्ता, काकुली सेनगुप्ता, शुक्ला मित्रा, पालय विश्वकर्मा,लक्खी चंद्र, लक्खी दास, सोमेन सेनगुप्ता आदि शामिल थे।

### ईसीआरकेयू कर्मचारी हित में काम और संगठन को मजबूत करने को लेकर हुई बैठक



**धनबाद:** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू का एक बैठक धनबाद हिल कॉलोनी स्थित शाखा दो कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक का अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष एन के खवास द्वारा किया गया जबकि इस बैठक में केंद्रीय अपार महामंत्री मोहम्मद जियाउद्दीन और केंद्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष के उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें धनबाद के तीनों शाखा धनबाद शाखा एक धनबाद शाखा दो और धनबाद लाइन शाखाके पदाधिकारी ने भाग लिए इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कर्मचारियों का हित में काम करना। उपस्थित दोनों केंद्रीय पदाधिकारी ने बताया कि हम लोगों को इस समय को एक अवसर के रूप में लेना है और कर्मचारियों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान और ज्यादा काम कर सकेंगे एवं इसके लिए ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के दिशा निर्देश पर समय-समय पर धरना प्रदर्शन करते रहेंगे इस बैठक कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा किया गया साथ ही साथ कर्मचारियों को यह आश्वासन भी दिया गया की जिस तरह से यूनियन पहले काम कर रहा था काम करते रहेगा इस बैठक मे कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा किया गया साथ ही साथ कर्मचारियों को यह आश्वासन भी दिया गया की जिस तरह से यूनियन पहले काम कर रहा था काम करते रहेगा ।आज का इस बैठक में मोहम्मद जियाउद्दीन,नेताजी सुभाष,एन के खवास के अलावे एके दा,सुदर्शन महतो,एक के दास,भानु प्रकाश,बीबी आजाद,रंजीत कुमार,रविन्द्र रवानी,जागेश्वर यादव और शंभू नाथ राम उपस्थित थे।

### 'उम्मीद' में द्वारिका मेमोरियल के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में पहला स्थान प्राप्त किया



**धनबाद:** आईएसएम के पेनमेन हॉल में आईआईटी आईएसएम के वार्षिकोत्सव उम्मीद में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। लगभग 60 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इसी के तहत विज्ञान प्रदर्शनी में द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी,बिशनपुर,धनबाद के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवम वर्ग के छात्र आदित्य झा,अभिमन्यु वर्मा, हर्ष कुमार,हिमांशु कुमार, ने बोरवेल रेस्क्यू रोबोट एवं ट्रांसमिशन लाइन फाल्ट डिटेक्शन सिस्टम बनाया,जिसे निर्णायक मंडली ने सराहा एवं सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया। नवम वर्ग की छात्रा इशिका कुमारी ने गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर उमेश प्रसाद सिंह, प्राचार्य मदन कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकों ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी। विज्ञान के ऐसे प्रोजेक्ट को जिला एवं राज्य स्तर पर आगे ले जाने के लिए उत्साहित किया।

### अखिल भारतीय स्वर्णकर संघ के वनभोज एवं सामाजिक मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो :** सिटी पार्क प्रांगण में अखिल भारतीय स्वर्णकर संघ वनभोज एवं सामाजिक मिलन समारोह बोकारो महानगर अध्यक्ष प्रदीप बर्मन की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो के पूर्व विधायक वीरांची नारायण जी उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में समाज द्वारा स्वर्णकार समाज को राजनीतिक में भागीदारी की बात कही गई और झारखंड सरकार को स्वर्णकार समाज के लिए ध्यान आकर्षित करने की बात कही गई साथ ही स्वर्णकार महिला मंच ने एक सुर मे महिला एकता की बात कही गई और महिलाओं को राजनीतिक में भागीदारी करने की पहल हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिए सुबोध कुमार, अनिल कुमार वर्मा, राजेश कुमार ,नकुल स्वर्णकार, संतोष कुमार, संजय सोनी, राजकुमार बर्मन, सुनील कुमार, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार प्रसाद ,जयप्रकाश कुमार, अवधेश कुमार, देवेंद्र कुमार आदि बड़ी संख्या में भाग लिए।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को देनी होगी राहत



प्रहलाद सबनानी

**भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है।**

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है।

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों में शामिल हो रहे हैं।

केंद्रीय श्रम मंत्री ने हाल ही में भारतीय संसद को बताया है कि देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार उपलब्ध नागरिकों की संख्या 36 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ के स्तर पर आ गई है, यह संख्या वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ के स्तर पर थी। वर्ष 2024 से वर्ष 2014 के बीच, 10 वर्षों में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी अर्थात इस दौरान केवल 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हो सकीं थी, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के बीच 17.19 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुई हैं, यह लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि दशार्ता है। पिछले केवल एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 के बीच ही देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। कृषि क्षेत्र में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच कृषि के क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। इसी प्रकार विनिर्माण के क्षेत्र में भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में केवल 6 प्रतिशत दर्ज हुई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच विनिर्माण के क्षेत्र में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सेवा के क्षेत्र में तो और भी अधिक तेज वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच सेवा के क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस सबका असर बेरोजगारी की दर में कमी के रूप में देखने में आया है। देश में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसका सीधा असर कामकाजी आबादी अनुपात पर भी पड़ा है जो वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सबसे अच्छी स्थिति तो संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की संख्या में वृद्धि से बनी है। क्योंकि संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को नियोक्ताओं द्वारा कई प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत प्रदान की जाती है। संगठित क्षेत्र में शामिल होने वाले युवाओं (18 से 28 वर्ष के बीच की आयु के) की संख्या में सितम्बर 2017 से सितम्बर 2024 के बीच 4.7 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है, ये युवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई पी एफ ओ) से भी जुड़े हैं।


यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रयास किए जाएंगे जिससे मुद्रा स्फीति की दर देश में कम बनी रहे एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में वृद्धि हो। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों की आय पर लगाए जाने वाले आय कर में भी कमी की जानी चाहिए। बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा द्वारा भी मध्यमवर्गीय परिवारों को कुछ हद तक राहत पहुंचाई जा सकती है। ऋण पर ब्याज दरों में कमी करने से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा ऋण खातों में जमा की जाने वाली मासिक किस्त की राशि में कमी होती है और उनकी खर्च करने की क्षमता में कुछ हद तक सुधार होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों के हित में यदि उक्त उपाय नहीं किया जाते हैं तो बहुत सम्भव है कि यह मध्यमवर्गीय परिवार एक बार पुनः कहीं गरीबी रेखा के नीचे नहीं खिसक जाय। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए।




## संपादकीय

### चुनौती है बड़ी

डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और ड्रोन देश के लिए चुनौती बने हुए हैं, और इनको लेकर सख्त कदम उठाने होंगे। नई दिल्ली में 'मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' विषयक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्र मादक पदार्थ की तस्करी देशके अंदर या बाहर कतई नहीं होने देगा। कहा कि सरकार ने न केवल मादक पदार्थों के कई नेटवर्क को खत्म करने में सफलता पाई है, बल्कि उनसे जुड़े. आतंकवाद को भी नेस्तानाबूद किया है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश में नार्को-आतंकवाद के कईमामलों का भंड़ाफोड. किया गया है और ये बड़ी उपलब्धियां हैं।



बेशक, केंद्र और राज्य सरकार की कानून प्रवर्तन एजेंसियां चाक-चौबंदी से नशे के काले का धंधे पर जोरदार प्रहार कर रही हैं, लेकिन यह भी सच है कि ड़ार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी, ऑनलाइन मार्केटप्लेस, ड्रोन का इस्तेमाल आज भी हमारे लिए चुनौती बने हुए हैं। ड़ार्क वेब इंटरनेट के उस गुप्त हिस्से को संदर्भित करता है, जिस तक केवल विशेष सॉफ्टवेयर और टूल के जरिएही पहुंचा जा सकता है। जहां तक क्रिप्टोकरेंसी की बात है, तो यह एक आभासी मुद्रा है, जो भारत में नियमित नहीं है। इसके जरिए लेन देन पर निगरानी रखने में एजेंसियों को खासी दिक्कत दरपेश रहती है।अलबत्ता, ड्रोन के जरिए सीमा पार से भारतीय सीमा में नशीले पदार्थ में ड्रॉप किए जाने के तरीके पर खासी हद तक लगाम कसमें भारतीय सुरक्षा बल सफल हुए हैं। बहरहाल, नशीले पदार्थों की तस्करी संबंधी कार्यकलाप देश की सुरक्षा और विकास के लिएखासा खतरा हैं और राज्य सरकारों, केंद्र सरकार और तकनीशियनों को अपने संयुक्त प्रयासों से इन चुनौतियों से पार पाना होगा। इसके लिए तकनीकी सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया जाना जरूरी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि सरकार के स्तर पर इच्छाशक्ति होना बेहद जरूरी है। अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई को नईताकत मिली है। इसी का नतीजा है कि बीते दस वर्षों में मादक पदार्थ की जब्ती में सात गुना वृद्धि हुई है, और मोदी सरकार ने बारंबार संकल्प दोहराया है कि मादक पदार्थ के समचे तंत्र को उखाड़ फेंकेंगे। इसके लिए 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मादक पदार्थों के तस्करी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रयासों के नतीजाकुन होने के लिए जरूरी है कि नशामुक्त भारत अभियान में तेजी लाई जाए। नशे के व्यसन से मुक्त समाज ही सबसे बड़ा सुरक्षा उपाय है।

## चिंतन-मनन

### मिथ्या और वास्तविक अहंकार

मिथ्या अहंकार का अर्थ है, इस शरीर को आत्मा मानना। जब कोई यह जान जाता है कि वह शरीर नहीं, अपितु आत्मा है तो वह वास्तविक अहंकार को प्राप्त होता है। अहंकार तो रहता ही है। मिथ्या अहंकार की भर्त्सना की जाती है, वास्तविक अहंकार की नहीं। वैदिक साहित्य में कहा गया है अहं ब्रह्मास्मि- मैं ब्रह्म हूं, मैं आत्मा हूं। 'मै हं' ही आत्म भाव है और यह आत्म साक्षात्कार की मुक्त अवस्था में भी पाया जाता है। 'मै हं' का भाव ही अहंकार है लेकिन जब 'मै हं' भाव को मिथ्या शरीर के लिए प्रयुक्त किया जाता है, तो वह मिथ्या अहंकार होता है। जब इस आत्म भाव (स्वरूप) को वास्तविकता के लिए प्रयुक्त किया जाता है, तो वह वास्तविक अहंकार होता है। ऐसे कुछ दार्शनिक हैं जो यह कहते हैं कि हमें अपना अहंकार त्यागना चाहिए। लेकिन हम अपने अहंकार को त्यागे कैसे? क्योंकि अहंकार का अर्थ है स्वरूप। लेकिन हमें मिथ्या देहात्मबुद्धि का त्याग करना ही होगा।

जन्म, मृत्यु, जरा तथा व्याधि को स्वीकार करने के कष्ट को समझना चाहिए। वैदिक ग्रन्थों में जन्म के अनेक वृत्तान्त है। श्रीमद्भागवत में जन्म से पूर्व की स्थिति, माता के गर्भ में बालक के निवास, उसके कष्ट आदि का सजीव वर्णन है। चूंकि हम भूल जाते हैं कि माता के गर्भ में हमें कितना कष्ट मिला है, अतएवं हम जन्म तथा मृत्यु की पुनरावृत्ति का कोई हल नहीं निकाल पाते। इसी प्रकार मृत्यु के समय भी सभी प्रकार के कष्ट मिलते हैं, जिनका उल्लेख प्रामाणिक शास्त्र में हुआ है। इनकी विवेचना की जानी चाहिए। जहां तक रोग तथा वृद्धावस्था का प्रश्न है, सबको इनका व्यावहारिक अनुभव है। कोई भी रोगग्रस्त नहीं होना चाहता, कोई भी बूढ़ा नहीं होना चाहता, लेकिन इनसे बचा नहीं जा सकता। जब तक हम जन्म, मृत्यु, जरा तथा व्याधि के दुखों को देखते हुए इस भौतिक जीवन के प्रति निराशावादी दृष्टिकोण नहीं बना पाते, तब तक आध्यात्मिक जीवन में प्रगति करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं रह जाता।

# आस्था और विश्वास का संगम है गंगासागर



रमेश सर्राफ धमोरा

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। गंगासागर सिर्फ. एक तीर्थस्थल नहीं है। यह भावना, संस्कृति, आस्था और विश्वास का संगम है। जीवन का उत्सव है। धर्म हमेशा से ही इस भूमि की संस्कृति में समाया हुआ है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है।

पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंनि भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे।

इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हे शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षों के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भागीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रान्ति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है।

गंगासागर का मेला 5 दिन तक चलता है। इस दौरान तीर्थयात्री लोग मुंडन, श्राद्ध, पिण्डदान और समुद्र में पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर था जोकि समुद्र में समा गया। 1973 में यहाँ कपिल मुनि का नया मंदिर बना जहां श्रद्धालु दर्शन करते हैं। गंगासागर गंगा नदी का एक छोटा डेल्टा द्वीप है जिसकी आबादी करीब 2 लाख और क्षेत्रफल 282 वर्ग किमी है। सागर द्वीप के एक ओर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर बांग्लादेश है। इस सुंदर द्वीप के ज्यादातर क्षेत्र में घने जंगल है। कपिल मुनि के मंदिर, आश्रम के अलावा यहाँ महादेव मंदिर, शिव शक्ति-महानिर्वाण आश्रम, भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, धर्मशालायें भी है।

गंगासागर वास्तव में एक टापू है जो गंगा नदी के मुहाने पर स्थित है। यहां बंगला भाषी आबादी रहती है। यह पूरी तरह से ग्रामीण ईलाका है। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के रहने के लिए यहां पर होटल, आश्रम व धर्मशालायें है। अब पूरे वर्ष लोग यहां लोगों का आवागमन लगा रहता है। कोलकाता से पूरे मार्ग में सड़क बनी हुयी है मात्र 5 किलोमीटर पानी में नाव का सफर करना पड़ता है। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन 14 व 15 जनवरी को मुख्य मेला लगता है। जिसमें लाखों लोग स्नान और पूजा करने आते हैं।



पश्चिम बंगाल सरकार मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाली मुरी गंगा नदी पर चार साल में पांच किलोमीटर लंबा गंगासागर सेतु बनाएगी। जिसके निर्माण पर 1500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाला गंगासागर मेला 17 जनवरी तक चलेगा। इस साल देश भर से 50 लाख से अधिक लोगों के मेले में शामिल होने की उम्मीद है। ब्रिज बनने से श्रद्धालु जलमार्ग की बजाय सड़क मार्ग से कचुबेरिया तक आ सकेगें। गंगासागर मेला किसी भी तरह कुम्भ मेले से कम नहीं है। यहां दुनियाभर से श्रद्धालु आते हैं। इस कारण गंगासागर मेले को भी कुंभ मेले जैसा दर्जा मिलना चाहिये। ताकि यहां के विकास के लिये कुम्भ मेले की तरह अलग से बजट उपलब्ध हो सके।

# मकर संक्रांति का पर्व क्यों है विशेष?

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

एक वर्ष में बारह संक्रांतियाँ आती हैं, जिनमें से मकर संक्रांति को सबसे महत्त्वपूर्ण माना गया है क्योंकि यहीं से उत्तरायण पुण्यकाल शुरू होता है। मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर हम सूर्य देवता का आवाहन करते हैं। जब शीत ऋतु समाप्त होने लगती है तो सूर्यदेव मकर रेखा का संक्रमण करते हुए उत्तर दिशा की ओर अभिमुख हो जाते हैं और इसे ही उत्तरायण कहा जाता है। मकर संक्रांति के दिन हम सूर्य देवता का स्मरण करते हैं और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। वैसे तो पूरे वर्ष को शुभ माना जाता है लेकिन इस उत्तरायण की अवधि को देवताओं का समय होने के कारण अधिक शुभ कहते हैं।



सदियों से हम इस त्यौहार को बड़े उत्साह से मनाते आये हैं। इसी उत्तरायण काल को पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और दिल्ली में लोहड़ी के रूप में, असम में बिहू के रूप में और तमिलनाडु में पोंगल के रूप में मनाते हैं । किसान इसी समय एक फसल काटने के बाद, दूसरी फसल के लिए बीजरोपण करते हैं और उत्सव मानते हैं। इस दिन से ठंड कम होने लगती है और यह वसंत के आगमन का सूचक भी है। इस समय तिल, गन्ना, मूँगफली और धान जैसी नई फसलें आती हैं। इन सबको मिलाकर पहले दिन खिचड़ी बनाई जाती है और फिर इसे सभी लोग आपस में बांटते हैं। दूसरे दिन गाय की पूजा भी की जाती है। जब नई फसल आती है तो उसे सभी के साथ बांटकर खाते हैं और दान भी करते हैं।

ऐसा कहते हैं कि मकर संक्रांति के दिन गंगा जी ने राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर उनके साठ हजार पितरों को मोक्ष प्रदान किया था। वैसे तो हर उत्सव में गंगा स्नान का बहुत महत्त्व होता है लेकिन मकर संक्रांति पर गंगा स्नान का विशेष महत्त्व माना जाता है । जो लोग गंगा जी के पास हैं वे तो गंगा जी में स्नान करते ही हैं लेकिन जहाँ गंगा जी नहीं है, वहाँ यह समझना चाहिए कि गंगा अपने घर में ही हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर गंगा स्नान का अर्थ यही है कि ज्ञान की गंगा में स्नान करें। ज्ञान से लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी सुकून मिलता है और जब हम ध्यान करते हैं और ज्ञान में रहते हैं तब उसका प्रभाव केवल हम तक ही सीमित नहीं रहता बल्कि आगे वाली पीढ़ियों और हमारे पूर्वजों पर भी पड़ता है।

मकर संक्रांति पर हम तिल और गुड़ का आदान-प्रदान करते हैं। छोटे-छोटे तिल हमें याद दिलाते हैं कि इस ब्रह्माण्ड में हमारा महत्त्व भी एक तिल के बीज के समान मात्र एक छोटे से कण जैसा है - लगभग कुछ भी नहीं । यह भावना कि 'मैं कुछ भी नहीं हूँ' हमारे अहंकार को समाप्त कर देती है और हमारे भीतर विनम्रता लाती है। यही अकिंचनत्व है माने ह्यमैं कुछ भी नहीं हूं। ये संसार अनंत है। यहाँ अरबों-खरबों तारे सितारे हैं, उनमें से एक सूरज है; यहाँ अनेक ग्रह हैं जिनमें से एक पृथ्वी है जहाँ आपके जैसे पता नहीं कितने लोग आए और कितने चले गए। जब आप इस बात के प्रति सजग हो जाते हैं कि इस विशाल सृष्टि में हम कुछ भी नहीं हैं, तब आपका ये अहंकार और बनावटीपन जिससे सारी परेशानियाँ होती हैं, वह सब छूट जाता है और आप एक नवजात शिशु की तरह सहज हो जाते हैं। यही तिल का संदेश है।

महाराष्ट्र में इस दिन एक दूसरे को यह कहकर अभिवादन करते हैं कि ह्यगुड़ खाओ और मधुर बोलो ह्न हम मिठास के बिना नहीं रह सकते क्योंकि यदि हमारे शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कम हो जाता है तो हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है । गुड़ माने मधुरता; मधुरता जीवन का आधार है । मकर संक्रांति हमें यही संदेश देती है कि हमारे जीवन में गुड़ जैसी मधुरता और तिल जैसा अकिंचनत्व दोनों साथ-साथ हों।

## एक नजर

### अग्निवीर के लिए पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों की भर्ती अधिसूचना जारी

**रामगढ़** : भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण 27 जनवरी, 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर किया जा सकेगा। उम्मीदवार अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए 7 जनवरी 2025 सुबह 11 बजे से 27 जनवरी 2025 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्ती में 1 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008( दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्में अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। साथ ही इच्छुक अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट से ले सकते हैं।

### नारी शक्ति सुरक्षा फाउंडेशन के तत्वाधान मे निकाला गया जुलूस

**बोकारो** : नारी शक्ति सुरक्षा फाउंडेशन के तत्वाधान मे आज जुलुस निकाली गई। यह जुलुस मान सम्मान समारोह को लेकर निकाली गई। मान सम्मान समरोह मे शामिल महिलाओ ने कहा की आज समाज के लोगों का बेहतर योगदान रहा है,आज हम सहयोग की अपेक्षा भी करते है। कार्यक्रम के बाद मान सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया जिसमे कई महिलाओ को सम्मान दिया गया। नारी शक्ति सुरक्षा फाउंडेशन की अध्यक्ष माया देवी ने कहा कि आज जिस तरह नारियों पर शोषण हो रहा है और धीरे-धीरे नारियों का अस्तित्व विलीन होते जा रहा है इसको लेकर आज हम लोगों ने या जुलूस का आयोजन किया ताकि संसार के प्रत्येक नारियों में उत्साह और उमंग भर सके और उन्हें लगा यह की हम भी इस पुरुष प्रधान देश में नारियों का मान सम्मान बचा सके। मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### वंचित वर्ग के बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क कॉपियां



**बोकारो** : बोकारो चास रोटरी क्लब चास द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय,आजाद नगर में कॉपी बैंक की स्थापना की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। बिनोद चोपड़ा ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य बच्चों का भविष्य संवारना है। कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की कॉपी की बढ़ती कीमतों के कारण कमजोर वर्ग के छात्र कई बार कॉपी खरीदने में असमर्थ हो जाते है। बैद ने कहा की कॉपी बैंक का उद्देश्य ऐसे छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराना है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि यह पहल वंचित वर्ग के छात्रों को आवश्यक अध्ययन सामग्री की पहुंच सुनिश्चित करके सहायता का है। मुकेश ने कहा कि अब बच्चों को पाठ्य सामग्री के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र प्रसाद ने रोटरी क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि कॉपी बैंक अध्ययन के अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करेगा।

# देश चलता है संविधान से अहंकार से नहीं जनता देगी जवाब : शैलेन्द्र कुमार यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान मार्च का शुभारंभ हजारीबाग महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय मैदान से जय बापू, जय भीम, जय संविधान मार्च गुरु गोविंद सिंह रोड, अन्नदा चौक, कचहरी चौक, पुराना समाहरणालय चौक होते हुए डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत संचालन महानगर उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद और महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि मनोज सहाय, पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल, भीम कुमार, दिगम्बर प्रसाद मेहता प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद, बिनोद सिंह, रेणु कुमारी रहे। इस अभियान मार्च को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा आज देश की हालत के जिम्मेदार भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं वह देश को जो दिशा की ओर ले जाना चाहते हैं वह दिशा संविधान से हटकर है भाजपा के द्वारा लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है और हम सभी को हक और अधिकार जो संविधान के द्वारा प्राप्त हुआ है और इस संविधान में जो हक और अधिकार देने का कार्य डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रयास से हुआ इनके प्रयास को खत्म करने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह डॉ अंबेडकर का अपमान करने से नहीं चुके हैं पूरे देश नहीं विदेश में भी भारत के गृह मंत्री का किरकिरी होने के बाद भी उसके बचाव में खुद प्रधानमंत्री लगे हुए हैं आज इस अभियान मार्च के द्वारा देश के गृह मंत्री को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान इन्होंने भरी संसद में किया है उस अपमान का बदला पूरे देशवासी जरूर लेंगे। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि देश डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान से चल सकता है और देश में संविधान और डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की भाजपा ने संविधान निमार्ता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का काम किया है जब से मोदी सरकार देश में आई है तब से संविधान खतरे में नजर आ रहा है झारखंड की जनता ने उसे सबक सिखाने का काम किया है देश के अन्य राज्यों की जनता भी उन्हें सबक सिखाने का काम करेगी।

## शराब दुकान से 45 लाख गबन मामले में तीन सेल्समैन समेत पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बुधुआ स्थित सरकारी विदेशी शराब दुकान में 45 लाख गबन करने के लिए चोरी की नाटकीय घटना को अंजाम देने वाले तीन सेल्समैन समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से शराब दुकान का लॉकर, टूटा हुआ ताला, एक देसी कट्टा, ग्राइंडर, पिलास, 62 हजार रूपए नगद, तीन बाइक आदि बरामद किया गया है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि बुधुआ के शराब दुकान से शराब एवं लॉकर में रखे रुपये की चोरी अज्ञात पांच अपराधियों के जरिये करने के संबंध में मोहन यादव ने नौ जनवरी को मामला दर्ज कराया था। अनुसंधान के दौरान सामने आया कि दुकान के सेल्समैन रंधीर कुमार, विकास कुमार सिंह एवं अभय कुमार सिंह के द्वारा शराब बिक्री के पश्चात एस.आई.एस. सिक्योरिटी में जमा राशि से कुछ पैसे निकालकर आपस में बांट लेते थे। इस कारण दुकान में करीब 45 लाख रुपये का घोटाला हो गया था। घटना से दो दिन पूर्व एक्साइज सुपरिंटेंडेंट ने ऑडिट की जानकारी दी थी, जिससे घबराकर इन लोगों ने 45 लाख रुपये के गबन को छिपाने के लिए चोरी की झूठी साजिश रची। इन लोगों ने पंकज सिंह और विपिन कुमार सिंह को भी शामिल कर चोरी का नाटक रचते हुए थाना में केस दर्ज कराया। घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा और अन्य सामग्री बरामद कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के गोल एनएच 23 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं रविवार को जांच के दौरान 15 से 20 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 3 भारी वाहनों से जो टंडवा एनटीपीसी से फ्लैश(डस्ट) ले कर आ रही ओवर लोड के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 104300 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 3 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 104300 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें। जांच के दौरान उन्होंने बताया की अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट, ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## युवा सामर्थ्य ही भारत को विकसित भारत बनायेगा : डॉ मुनीष गोविंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित कर स्वामी विवेकानंद के जयंती को लेकर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित के साथ हुई। मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि युवा पीढ़ी के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। इसलिए आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को अपनाने और उसे अपने जीवन में शामिल करने की जरूरत है। ताकि युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए खुद को सशक्त बना सकें। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन समर्पण और संघर्ष का प्रतीक है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने ध्यान साधना के माध्यम से थोड़े समय में ही असाधारण कार्य किए। ठीक उसी प्रकार हर युवा अपनी मन व बुद्धि को एकाग्र कर अपनी आंतरिक शक्तियों को जागृत कर सकते हैं और देशहित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बात की मुझे पूरी उम्मीद है कि युवा सामर्थ्य ही भारत को विकसित भारत बनायेगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था कि आप जो भी सोचेंगे, वही बनेंगे। अगर आप खुद को कमजोर समझेंगे, तो आप कमजोर बनेंगे। अगर आप खुद को मजबूत समझेंगे, तो आप मजबूत बनेंगे। इसलिए सभी को हमेशा सोंच सकारात्मक रखने की जरूरत है। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ रोजी कांत ने स्वामी विवेकानंद से जुड़े संस्मरण सहित उनके सोंच को लेकर अपने विचार रखे और कहा कि आज का युवा अपने कार्यों से भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का सेतु बनेगा।

## बोकारो में अपराध पर लगाम हेतु एसपी मनोज का सख्त निर्देश



प्रत्यूषन वबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में अपराध को रोकना हमारी प्राथमिकता है, संगठित अपराधियों के खिलाफ करवाई करें, यदि लापरवाही बरती गई तो सम्बंधित थानेदार जिम्मेदार होंगे यह बात आज बोकारो के एसपी मनोज सवगीर्यारी ने अपने सभागार मे अपराध गोष्टी को सम्बोधित करते हुए कहीं वे यहां मासिक अपराध गोष्टी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की जिले मे अपराध रोकने, एंटी क्राइम ऑपरेशन चलाने, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन करने, फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने, नियमित गश्त करने, दर्ज मामलों के अनुसन्धान तेज करने, अपराधियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है, मामलों के रिव्यू किया जा रहा है।

## बालिका आवासीय विद्यालय का रामदास सोरेन किया उद्घघाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग झारखंड सरकार रामदास सोरेन ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के दुलमी पंचायत में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चामरोम का उद्घघाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में माननीय मंत्री सर्वप्रथम सभी छात्राओं को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि शिक्षा संबंधित सभी तरह की सुविधा राज्य के बच्चों को उपलब्ध कराई जाए इस दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है वर्तमान में राज्य में 80 सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस है बहुत जल्द ही राज्य में 80 और सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। माननीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा रास्ता है जिसके माध्यम से ना केवल अपनी गरीबी दूर कर सकते हैं बल्कि देश व समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं मौके पर माननीय मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन की दिशा में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी देते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सहित कई अन्य कार्यक्रमों को लेकर सभी को जानकारी दी। माननीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग को सुदृढ़ बढ़ाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा रिक्त पदों की समीक्षा की जा रही है। जल्द ही रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरने हेतु कार्य किया जाएगा। इस दौरान विधायक रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र ममता देवी ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों द्वारा दी गई विभिन्न प्रस्तुतियों की सराहना की। मौके पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य एवं उनके द्वारा विभिन्न प्रयासों को सभी के समक्ष रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस प्रकार से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है वह सराहनीय है। मौके पर उन्होंने हाल ही में जिले में शुरू हुए पंचायत ज्ञान केंद्र की तारीफ करते हुए सभी को इसका पूरा लाभ लेने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करते हुए फिलो एप के शुभारंभ की भी सराहना की व सभी छात्र छात्रओं से इसका लाभ लेने की अपील की। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने संबोधन में कस्तूरबा विद्यालय रामगढ़ छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि जिले की छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है जरूरत है सही माहौल की। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति के हिसाब से आने वाले अगले 15 साल महिलाओं के विकास के लिए बेहद खास है। इसलिए आप सभी मन लगाकर पढ़े अपना व अपने देश का नाम रोशन करें। मौके पर उन्होंने माननीय विधायक रामगढ़ द्वारा बालिका आवासीय विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के सुझाव पर तत्काल कार्य करने का आश्वासन दिया वहीं उन्होंने सभी बालिका आवासीय विद्यालय में मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण शुरू करने को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कोषागार में पदस्थापित पिंटू कुमार नायक को दी गई श्रद्धांजलि




**हजारीबाग** : हजारीबाग के कोषागार विभाग में पदस्थापित एवं कार्यरत पिंटू कुमार नायक, जिनकी नियुक्ति हजारीबाग कोषागार में दिनांक 24. 6. 2023 में लेखा सहायक के रूप में हुई थी। उनके गांव मधुकरपुर, प्रखंड पेटरवार, जिला बोकारो में रात्रि में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए आज उपायुक्त नैंसी सहाय व उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत समाहरणालय के सभी अधिकारियों और कर्मियों ने सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने दिवंगत पिंटू कुमार नायक के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। ईश्वर उनके शोकाकूल परिवार को इस शोक की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

### बंगाली समाज ने स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का किया आयोजन



**हजारीबाग** : विश्व के समक्ष भारत की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने वाले युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर 12 जनवरी के शाम स्थानीय केशव हाल में एक समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह का आयोजन जागृति बंगाली महिला संघ, यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी तथा बंगाली एसोसीएशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ किया गया। इसके बाद भवसागर तारण कारण हे गीत को डोला गुहा, मधुच्छनदा मुखर्जी, बोनिता दे, सोमा सेन, सोनाली भट्टाचार्य तथा सुपर्णा सरकार ने संयुक्त रूप से गया। इसके बाद सोमा सेन के द्वारा एकल गायन प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद के एक बहुत ही पसंदीदा गीत पर पायल मुखर्जी के नृत्य ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। विवेकानंद के जीवन तथा दर्शन पर अपना विचार रखते हुए प्रोफेसर सजल मुखर्जी ने बताया कि स्वामी जी ने भय को सबसे बड़ा पाप माना। उन्होंने शिकागो में दिए गए स्वामी जी के ऐतिहासिक संबोधन के पंक्तियां को दोहराया। प्रोफेसर मुखर्जी ने बताया कि किस प्रकार स्वामी जी मे हिंदू धर्म के धर्मनिरपेक्षता के सूत्र अंतर्निहित रहे। इसके बाद मधुच्छनदा मुखर्जी के एकल गायन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। वर्षा डे ने स्वामी जी के बताए हुए साधना पद्धति को समझाते हुए सबको कुछ समय ध्यान करवाया। इसके बाद सरिता मोइत्रा तथा सूचेतना मोइत्रा की मां-बेटी की जोड़ी ने स्वामी जी के एक अत्यंत लोकप्रिय गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। अंतिम प्रस्तुति के माध्यम से शुभोश्री ने एक खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन बंगाली एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। इस अवसर पर बंगाली समाज के लोग तथा कुछ अतिथिगण अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

### अर्पित, सत्यम व ऋचा सब जूनियर जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ के अर्पित टोप्पो, सत्यम केसरी व ऋचा नंदा ने जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल नामकुम रांची में राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इसके आधार पर इनका चयन सब जूनियर जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कौशल का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने दी। उन्होंने कहा कि 18 से 21 जनवरी तक छत्रपति शिवाजी स्पोट्र्स कांप्लेक्स बालेवाडी पुणे महाराष्ट्र में सब जूनियर जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें अर्पित टोप्पो, सत्यम केसरी व ऋचा नंदा अपने कैटेगरी में प्रतिभा की चमक बिखेरेंगे। कहा कि विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शारीरिक शिक्षा शिक्षक इन्हें खेलकूद का प्रशिक्षण देते हैं। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी राज्य व राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस, उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, शैक्षिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, शारीरिक शिक्षा शिक्षक राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी, सौरभ कुमार, वंदना कुमारी ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### बोकारो कवियों की भूमि है, इस्पात से साथ साहित्यकारों का भी होता निर्माण : पीएन

**बोकारो** : शनिवार देर शाम इस्पांताचल स्वेदशी मेला में ग्रंथ सृजन संस्थान के तत्वधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि बोकारो कवियों की भूमि है। यहां इस्पात तो बनता ही है लेकिन इसके साथ साहित्यकार, रचनाकार और कवियों का भी निमार्ण होता है। पूर्व सांसद ने सभी प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह भी वितरित की। ग्रंथ सृजन संस्थान के संस्थापक रजत नाथ ने कहा कि कला और साहित्य समाज का प्रतिबिंब होता है। मन की भावनाओं को जब आप शब्दवली में बांध देते हैं तो वो काव्य बन जाता है। सेक्टर चार, मजदूर मैदान में आयोजित काव्य गोष्ठी में बोकारो, हजारीबाग, धनबाद सहित एक दर्जन से भी ज्यादा कवि-कवियत्रियों ने अपनी रचना का पाठ किया और दर्शकों को बांधा रखा। इस अवसर पर विवके सिंह, केद्रिय फाईनांस मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण के पूर्व ओएसडी, बेहतर झारखंड के संयोजक और समाजसेवी ने क्रोध और द्वंद, गीता कुमारी गुस्ताख ने आओ चलकर ढ़ढें गॉव में पीपल की छांव, लव कुमार ने आजकल, रजत नाथ ने कभी दुखों का पहाड़ है, डॉक्टर रंजना श्रीवास्तवा ने एक श्रमिक गठरी बांध, सुप्रिया सरस ने थोड़ी से बदतमीजी मुझे भी सिखाई होती,धनबाद की चंदनी वर्मा ने मन जिताए मन हराए, मन ही कराए प्रीत, डॉक्टर रंजना श्रीवास्तव ने जादूगर सरोज राय ने जिस पार्टी मे मैं जाता हूॅ, जैना मोड़ की सुजाता कुमारी ने खोरठा काव्य हमनी के झारखंड, कल्पना केसर ने प्रेम का एहसास काव्य पाठ किया।

# मानवता और विविधता का सम्मान करने वाला नेतृत्व हमेशा आगे बढ़ेगा : डॉ मदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** देश के प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल एक्सएलआरआइ में तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 9 से 11 जनवरी तक चले इस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिजनेस व लीडरशिप में सम्मान के महत्व पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन टाटा स्टील की चीफ एथिक्स काउंसलर सोनी सिन्हा ने किया।



**सम्मान संगठनात्मक सफलता का सामंजस्य स्थापित करता है : सोनी सिन्हा**

इस अवसर पर सोनी सिन्हा ने कहा कि सम्मान केवल एक चीज नहीं है, बल्कि सैद्धांतिक रूप से वह शक्ति है जो सामाजिक भलाई के साथ-साथ संगठनात्मक सफलता का सामंजस्य स्थापित करता है। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन डॉ. मदन पिल्लुतला ने एथिकल वैल्यू पर आधारित इस प्रकार के इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की सराहना की। कहा कि मानवता और विविधता का सम्मान करने वाला नेतृत्व हमेशा आगे बढ़ेगा। स्थायी विरासत बनाने के लिए लाभ संचालित उद्देश्यों को सीमित रखने का आह्वान किया। इससे पूर्व एक्सएलआरआइ के डीन एडमिन प्रो. संजय पात्रो और डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने भी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की उपयोगिता पर बल दिया।

**दीर्घकालीन विकास के लिए कार्यो में नैतिक मूल्यों का सामंजस्य जरूरी**

प्रो. संजय पात्रो ने कहा कि सम्मान वह अदृश्य करेंसी है जो एथिकल लीडरशिप को बढ़ाने में सबसे अधिक सहायक होता है। साथ ही फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने कहा कि हमारे संगठन व समुदाय में सम्मान वह कार्य है जो प्रतिदिन किया जाता है, भले सामने वाला कोई छोटा हो या बड़ा। सम्मान में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाती है। इस अवसर पर जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स के चेयर प्रोफेसर फादर कुरुविला पांडिकुट्टू ने एथिकल लीडरशिप एंड सस्टेनेबल प्रैक्टिस पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। आईआईएम इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु राय व एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर जॉर्ज सेबेस्टियन ने आज के बदलते दौर में कॉरपोरेट सेक्टर से लेकर अन्य सभी सेक्टर में एथिकल वैल्यूज पर अपनी बातें रखी। कहा कि दीर्घकालीन व सतत विकास के लिए यह जरूरी है कि आपके कार्यों में नैतिक मूल्यों का सामंजस्य हो। शॉर्ट कट से आंशिक सफलता मिल सकती है, लेकिन सतत विकास के लिए यह जरूरी है कि दूसरों का सम्मान करने के साथ ही नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करें।

## स्टूडियो संचालक दिलीप गोराई की गोली मारकर हत्या



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** जिले के चांडिल थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। मुख्य बाजार स्थित कल्पना स्टूडियो के संचालक दिलीप गोराई की सोमवार तड़के गोली मारकर हत्या कर दी गई।

**स्टूडियो में घुसकर मारी गोली**

जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने स्टूडियो में घुसकर दिलीप गोराई पर गोली चलाई। घायल अवस्था में उन्हें टीएमएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस जांच में जुटी**

घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हर दिन की तरह टि खोलने आए थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हर दिन की तरह दिलीप गोराई सुबह स्टूडियो खोलने आए थे। तभी बाइक सवार अपराधियों ने स्टूडियो में घुसकर उन्हें गोली मारी और फरार हो गए।

**हत्या के कारणों का खुलासा नहीं**

फिलहाल हत्या के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। चांडिल थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा, स्कूल जागरूकता अभियान के तहत क्विज, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के उपलक्ष में सोमवार को साहिबगंज जिले के सभी प्रमुख विद्यालयों में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता अभियान के तहत क्विज, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया गया है। साहिबगंज जिले के प्रमुख विद्यालय कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय, साहिबगंज में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई साथ ही सड़क सुरक्षा का सपथ दिलाया गया। सभी बच्चों को यह हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें स्कूल आते समय आपके परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने को निश्चित तौर से कहे, अपने परिजनों को नशे की हालत में वाहन ना चलाने को कहे। साथी स्कूल बस अथवा टोटो ऑटो में विद्यालय आते समय अपने हाथ पांव या सर को वाहन के बाहर ना करें सुरक्षा नियमों का पालन करें एक आदर्श जागरुक एवं नेक विद्यार्थी बनकर देश का भविष्य बने। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

## क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में नेताजी क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट से दर्ज की जीत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनामेंट में सोमवार को माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। माही स्पोर्ट्स ब्लू ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.3 ओवर में 78 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अमित रविदास ने 16, मयंक राज ने 27, मो अयान वसीम ने 13 रनों की पारी खेली। नेताजी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज फैजान अहमद ने 5, राहुल शर्मा ने 2, विष्णु व मिस्टर एनर्जी ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी क्रिकेट क्लब ने 6.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 83 रन बना कर 8 विकेट से मैच जीत लिया। मिस्टर एनर्जी ने 12, अनिकेश साह ने 51 व चंदन यादव ने 16 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स ब्लू ऋषभ राज ने 2 विकेट लिए। नेताजी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मो फैजान को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि शिक्षा विभाग के बीपीओ एहसान अहमद ने फैजान को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग सुधीर कुमार सुधा व ओंकार नाथ तिवारी एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, आदित्य, राकेश कुमार रोशन, केएस सौरभ व अन्य मौजूद थे।

## पब्लिक पुस्तकालय प्रबंध समिति का हुआ गठन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड सभागार के पंचायती राज सभाकक्ष में सोमवार को बरहरवा प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास के अध्यक्षता में प्रखंड पब्लिक पुस्तकालय प्रबंधन समिति गठन हेतु समाज के प्रबुद्ध जन, शिक्षाविद, शिक्षा प्रेमी, प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त पब्लिक पुस्तकालय प्रबंधन समिति में कुल 7 सदस्य होंगे। जिसमें अध्यक्ष उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सचिव अंचल अधिकारी रामजी वर्मा व कोषाध्य प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास के रूप में उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा चुने गए पदेन पदाधिकारी होंगे। साथ ही बैठक के माध्यम से सुमन कुमार, लोकेश कुशवाहा, राहुल कुमार व अभिनव कुमार शास्त्री को सर्व समिति से प्रबंधन समिति के कोर कमेटी के सदस्य के रूप में चयन किया गया। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि इस नवगठित समिति का कार्यकाल 3 वर्षों का होगा। जो प्रत्येक 3 माह में बैठक आयोजित कर पुस्तकालय को बेहतर एवं सुचारु रूप से संचालन के लिए कार्य करेगी तथा पुस्तकालय का प्रचार प्रसार हेतु सभी स्थानीय शिक्षण संस्थानों के प्रचार से मिलकर विद्यार्थी को प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर रंजीत कुमार,मनोहर लाल चौहान,सुमन कुमार, सच्चिदानंद झा व राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरयू राय ने किया 72 लाख की नौ योजनाओं का शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने सोमवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के मद से लगभग 72 लाख रुपये की लागत से क्रियान्वित होने वाली 9 योजनाओं का शिलान्यास कदमा, रामजनमनगर स्थित सामुदायिक भवन में किया।

इन योजनाओं पर होगा काम

इन योजनाओं में कदमा रामजनमनगर रोड नं. 10 में प्रेम कुमार जायसवाल के घर से विजय प्रसाद सिंह के घर तक सड़क का निर्माण, कदमा मोहन पथ रोड में चौक से लेकर झंडा मैदान तक सड़क का निर्माण, सोनारी परदेशी पाड़ा वीर मंच सामुदायिक भवन के पास म.सं. सी/99 बी ब्लॉक के बगल में तथा 3.सं. सी/100 से 100 बी ब्लॉक से लेकर सी/110 बी ब्लॉक के पीछे पेवर्स ब्लॉक सड़क का निर्माण, धातकीडीह मस्जिद रोड के फ्लैंक में एवं रज्जक अपार्टमेंट के पास केके अपार्टमेंट से दानिश अपार्टमेंट तक पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन, शास्त्रीनगर ब्लॉक नं. 3 भास्कर पाण्डेय उर्फ मुन्ना पाण्डेय एवं शैलेश मैंसन के सामने से मुकेश सिंह एवं जगदीप सोनी के घर से एवं बागेश्वर साहु के घर तक नाली निर्माण, कदमा रामजनम नगर में काली मंदिर के पीछे लेफ्टी के घर से रवि के घर तक नाली निर्माण एवं फंटुस के घर से जीतन के घर नाली के उपर स्लैब निर्माण, हनुमान मंदिर के पीछे जयराम के घर से सुनील के घर तक नाली निर्माण, शास्त्रीनगर ब्लॉक नं. 2 समीप हनुमान मंदिर क्रास रोड नं. 2 के गली में इश्तियाक के घर से बिट्टू के घर तक नाली एवं सड़क निर्माण, सोनारी कुजनगर,रोड नं. 1 में कपील रजक के घर से त्रिवेणी अपार्टमेंट तक नाली निर्माण, सोनारी सिद्धु कान्हू बस्ती जोन नं. 2 सीता गोप के घर से लेकर मुख्य सड़क तक नाली निर्माण एवं पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन का कार्य शामिल हैं।

**यह थे उपस्थित**

इस मौके पर मुख्य रूप से सांसद बिद्युत बरण महतो के प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, जमशेदपुर अक्षेस के सहायक अभियंता संजय सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, धर्मेंद्र प्रसाद, नीरज सिंह, भीम सिंह, राकेश सिंह, झुना सिंह, तारक मुखर्जी, मनोज सिंह, केपी सिंह, टीडी गांगुली आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### मानव तस्करी को लेकर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक आरोपी को मानव तस्करी करने को लेकर बोरियो पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम टुडू उर्फ सुभाष, पिता दमचा टुडू, साकिन झीनगानी बांझी के रहने वाले पर तालझारी कांड संख्या 1/25 दिनांक 9 जनवरी 2025 के धारा 143(5) बोरियो थाना के पुलिस ने मानव तस्करी करने के मामले में श्रीराम टुडू उर्फ सुभाष को गिरफ्तार कर साहिबगंज सदर अस्पताल में चिकित्सा जांच के उपरांत जेल भेज दिया।

### पुलिस ने बाप, बेटे को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत गैर जमानतीय वारंटी बाप, बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। मिली जानकारी के अनुसार जी.आर. 193/20 के वारंटी दीनानाथ यादव उम्र 58 वर्षीय पिता स्वर्ग केसों यादव, बबुआ कुमार उर्फ अजय यादव उम्र 22 वर्षीय पिता दीनानाथ यादव, साकिन छोटापंचगढ़ जिला साहिबगंज के रहने वाले के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानतीय वारंटी टूटने के कारण पुलिस ने गिरफ्तार कर साहिबगंज सदर अस्पताल में चिकित्सा जांच के उपरांत दोनों अभियुक्त को जेल भेज दिया।

### पुलिस ने आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आर्म्स एक्ट प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 208/24 दिनांक 23 दिसंबर 2024 धारा 126(2), 115(2), 109, 303,(2), 339(1),352,351,(2)(3),3(5) बी.एन.एस. एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार उम्र 19 वर्षीय, पिता विजय यादव, साकिन कबूतरखोपी, जिला साहिबगंज के रहने वाले को जिरवाबाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर सदर अस्पताल साहिबगंज में चिकित्सा जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### डालसा ने निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन



**दुमका:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर में छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को हुआ। प्रतियोगिता प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्द्ररियावी के आदेशानुसार न्याय सदन में आयोजित हुई। प्रतियोगिता दुमका में आयोजित 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन के तहत आयोजित हुई। इस दौरान जिला स्तरीय निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दुमका जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुल 20, चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 37 सभी मिलकर 57 छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता डालसा सचिव उत्तम सागर राणा के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज के मिर्जाचौकी मे ग्राम प्रधान को मारी गोली



**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला गांव के पोखर के समीप सोमवार की सुबह छः बजे टहलने के लिए गए महादेववरण पंचायत के ग्राम प्रधान को गोली मार दिया गया। घटना के बाद ग्राम प्रधान को परिजनों ने इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने घायल ग्राम प्रधान का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि युवक के पेट मे गोली लगी है। गोली पेट मे ही फंसा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक महादेववरण पंचायत के ग्राम प्रधान होली कोड़ा उम्र 35 वर्ष है। घटना के संबंध मे महादेववरण पंचायत के ग्राम प्रधान होली कोड़ा ने बताया कि सुबह मे टहलने के लिए बड़तल्ला गांव के पोखर की तरफ दोस्त पवन पंडित व सीटी कुमार के साथ गया हुआ था। ग्राम प्रधान शौच कर उठा था की उसी दौरान झाड़ी से एक व्यक्ति निकला और ग्राम प्रधान के ऊपर गोली चला दिया और मौके से फरार हो गया। ग्राम प्रधान किसी तरह भाग कर कुछ दुर गया। उन्होने बताया कि मेरे उपर गोली चलाने वाला व्यक्ति बाबुपुर का राजेन्द्र बिन का दोस्त है। उस व्यक्ति को हम सुनील मुखिया के साथ देखे थे। उन्होने बताया कि मिजाचौकी बाजार मे एक जमीन वह लोग हड़पना चाह रहा है। इसका हम विरोध कर रहे है,इसी मामले को लेकर हमे गोली मारा गया है। वही सदर अस्पताल से घायल होली कोड़ को हायर सेंटर रेफर कर देने के बाद परिजन 108 एंबुलेंस से होली कोड़ा को लेकर बाहर निकल गए। मामले की सूचना मिलते ही मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच मे जुट गए।

### सेवाधन मुर्मू के निधन पर अंचल कार्यालय में शोकसभा का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/तालझारी:** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को करणपुरा पंचायत के मुखिया अमीन रफाइल हेंम्ब्रम व अंचल में पदस्थापित अनुसेवक सेवाधन मुर्मू के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद के नेतृत्व में आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ज्ञात हो कि करणपुरा पंचायत के मुखिया कि अचानक तबीयत खराउ हुआ और उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं अंचल में पदस्थापित अनुसेवक कि किडनी फैल रहने व लंबे समय से बिमार रहने के कारण उनकी मौत हो गई। वहीं शोकसभा के भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि मुखिया अमीन रफाइल हेंम्ब्रम व अनुसेवक सेवाधन मुर्मू के निधन से हम लोग काफी मर्माहित है। कहि दोनों की याद सदा सताते रहेगा। मौके पर प्रखंड व अंचल के कर्मी मौजूद थे।

### ई रिक्शा के धक्के से वृद्ध घायल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के लोहंडा दीप आई अस्पताल के समीप तेज रफ्तार ई रिक्शा के चपेट मे आने से वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध व्यक्ति को स्थानीय लोगो की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल व्यक्ति का इलाज शुरू कर दिया। घायल व्यक्ति लोहंडा गांव निवासी 56 वर्षीय संजय कसेरा है। घटना के संबंध मे घायल संजय कसेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका अपना घर एकचारी बाजार मे है।साहिबगंज मे लोहंडा मे भाड़े के घर मे रहकर कपड़ा का फेरी का काम करता है। रूम लौट रहा था इसी दौरान लोहंडा के दीप आई अस्पताल के समीप तेज गति से आ रही ई रिक्शा ने उसे धक्का मार दिया। जिसके कारण उनका दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया है। जिसके कारण प्लास्टर कराये है। घटना की सूचना संबंधित थाना को दे दी गई।

### ट्रैक्टर से कुचलकर 4 साल के बच्चे की मौत, विरोध में सड़क जाम

**गोड्डा :** गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के कुमरडोय गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर चार साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह की बताई जाती है। अवैध छर्री लदा बिना नंबर का ट्रैक्टर सड़क पर जा रहा था। इसी क्रम में ट्रैक्टर ने गांव के बाहरी हिस्से में सड़क किनारे खड़े बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बच्चे का सिर बुरी तरह से कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर संख्या जेएच 17 एबी 2828 गांव के ही मिथुन साह का बताया जाता है। ट्रैक्टर पर लदी गिट्टी का कोई वैध कागजात नहीं होने की बात कही जा रही है। इस वीभत्स घटना से गांव का हर कोई आक्रोशित था। विरोध में ग्रामीणों ने गोड्डा-मेहरमा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर से गाड़ियों की कतार लग गई। सूचना मिलते ही मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर दलबल के साथ पहुंचे और जांच-पड़ताल कली। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया और करीब तीन घंटे बाद जाम हटवाया। थनाप्रभारी ने परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वाशन दिया है।

### बाबा मंदिर में मकर संक्रांति पर बाबा को लेगेगा विशेष भोग

**देवघर :** देवघर के बाबा मंदिर में कल यानी मंगलवार को मकर संक्रांति पर विशेष अनुष्ठान होंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सरदारी पूजा में बाबा को तिल व तिल के लड्डू का विशेष भोग लगाया जायेगा। बाबा मंदिर के राज पुरोहित श्रीनाथ पंडित ने बताया कि मंगलवार को मकर संक्रांति मनाई जायेगी। सुबह की दैनिक सरदारी पूजा में सरदार पंडा गुलाब नंद ओझा स्वयं भाग लेंगे और बाबा की पूजा करेंगे। वहीं, श्रीयंत्र मंदिर में बाबा को खिचड़ी और दही का भोग लगाया जायेगा। यह भोग पूरे माघ महीने भर संक्रांति तक लगेगा। श्रृंगारी परिवार बाबा के भोग के लिए खिचड़ी तैयार करेगा।

# समस्तीपुर में 500 करोड़ की 51 योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन

## प्रखंडों का विकास देख बोले सी.एम नीतीश- इससे बेहतर बिहार में कुछ नहीं देखा, बैठक के बाद रवाना





**समस्तीपुर।** में 500 करोड़ की 51 योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन समस्तीपुरप्रगती यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को समस्तीपुर में 500 करोड़ के 51 विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। यात्रा की शुरूआत जिले के उजियारपुर प्रखंड से हुई, जहां सीएम ने अंबेडकर छात्रावास और अंबेडकर हाई स्कूल के भवन की आधारशिला रखी है। इसके अलावा कल्याणपुर और वारिसनगर भी गए। वहीं, शिलान्यास के बाद सीएम कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं, जहां अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। योजनाओं की समीक्षा के साथ पदाधिकारियों को इसे पूरा करने और बेहतर करने को लेकर निर्देश दे रहे हैं। जो योजना अधूरी है, उसे पूरी करने की बात कही है। वहीं, बैठक के बाद सीएम समस्तीपुर से रवाना हो गए। हिरासत में ऐपवा आइशा के कई छात्र वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ज्ञापन देने जा रहे और ऐपवा आइशा के छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। ऐपवा आइशा के लोग हुजूम में सीएम से अपनी मांगों को लेकर मिलने पहुंचे थे। सभी बीपीएससी के री-एग्जाम और छात्रों के साथ हुए लाठीचार्ज मामले का विरोध कर रहे थे। फिलहाल चार से पांच छात्रों को पुलिस साथ ले गई है। कारगर और प्रभावकारी यात्राबिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि प्रगती यात्रा का एक ही मकसद है कि अगर विकास का कुछ काम बचा है तो उसे चिन्हित कर कर डालना है। सार्वजनिक परेशानी की चीजों को हर हाल में दूर करना है। ये बहुत कारगर और प्रभावकारी यात्रा है। नीतीश कुमार हेलीकॉप्टर से कल्याणपुर के बासुदेव पूर्व पहुंचे। यहां उन्होंने मुक्तापुर में मोइन के सौंदर्यीकरण और इको पार्क निर्माण को लेकर शिलान्यास किया। शेखूपुर गांव में जल जीवन हरियाली के तहत विकसित किए गए तालाब के जायजा भी लिया। साथ ही मछली पालन को लेकर तालाब में उन्होंने बच्चा छोड़ा। इन फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण से समस्तीपुर शहर में यातायात की समस्या, विशेष रूप से जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री उजियारपुर के रायपुर में अंबेडकर छात्रावास और अंबेडकर हाई स्कूल भवन का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री कल्याणपुर के मुक्तापुर में मोईन को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए चल रहे कार्य का शिलान्यास भी करेंगे और इसके प्रगति का जायजा लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री वारिसनगर के शेखोपुर गांव में जल जीवन हरियाली योजना के तहत विकसित किए गए तालाब का निरीक्षण करेंगे और वहां लगाए गए विभिन्न स्टालों पर चल रहे सरकारी कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वह हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का शिलान्यास भी करेंगे और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री के कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## संक्षिप्त डायरी

### कबाड़ की दुकान में लगी आग



**मुंगेर।** के हवेली खड़गपुर में रविवार की रात नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 स्थित संत टोला में दरगाह के पास एक कबाड़ की दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक सुबोध वर्मा की पत्नी मधु वर्मा ने बताया कि यह आग किसी ने जानबूझकर लगाई है। उन्होंने कहा कि दुकान में पिछले 4 महीने से जमा प्लास्टिक, टायर और अन्य कबाड़ का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सब ऑफिसर राजबल्लभ प्रसाद यादव के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। हवेली खड़गपुर के थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 2 छात्रों को कुचला,मौत



**दरभंगा।** दरभंगा में सोमवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है, उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बहेड़ा-बहेड़ी स्टेट हाईवे-88 की है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर भाग गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ की और प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बाइक पर सवार होकर मॉल गए थे। कपड़ा खरीद कर लौटने के दौरान हादसा हुआ। मृतक की पहचान बहेड़ी थाना के दोहट नारायण गांव के रहने वाले लक्ष्मी लाल देव (20) और विशाल राम (16) के रूप में की गई है। वहीं, घायल युवक का नाम सलामत कुमार है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 'यूपी नंबर ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। बाइक पर सबसे पीछे सलामत नद्दाफ बैठा था, उसे हादसे का आभास पहले ही हो गया था। इसलिए वह हादसे के पहले ही बाइक से कूद गया। हालांकि, गंभीर रूप से घायल हो गया है।' 3 घंटे सड़क जाम किया हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे तक सड़क जाम किया, जिससे सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। जाम की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने के बाद जाम हटवाया। पड़ोसी संतोष कुमार ने बताया कि 'मृतक विशाल अपने घर का इकलौता लड़का था। उसकी दो बहन साक्षी और मिनाक्षी हैं, जो उससे छोटी हैं। विशाल अपने ननिहाल में रहकर 10वीं कक्षा में पढाई करता था। मकर संक्रांति में वह अपने घर आया था।' विशाल की मां कविता देवी ने बताया कि 'हमारे पति सऊदी अरब में मजदूरी करते है।' बहेड़ी थाना प्रभारी वरुण कुमार गोस्वामी ने बताया कि 'घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को शांत कराने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए DMCH भेज दिया है। इसके साथ ही ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है।'

### नहर किनारे मिली क्लिनिक संचालक की लाश

**औरंगाबाद।** जिले के बारुण थाना क्षेत्र के मितराज गांव के सामने इंद्रपुरी-पटना कैनाल नहर के पास सोमवार सुबह 45 साल के शख्स की लाश मिली। शख्स की गोली लगने से मौत हुई है। घटनास्थल पर शख्स की बाइक भी पड़ी थी। मृतक की पहचान रोहतास जिले के शिवसागर थाने क्षेत्र के मोर सराय के रहने वाले अनिल सिंह के रूप में की गई। सुबह लोगों ने बाइक को सड़क किनारे गिरा पाया। इसके बाद आसपास देखा तो शख्स की लाश दिखी। फिर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 संजय कुमार पांडे, बारुण थाना अध्यक्ष कुमार सौरभ, एसआई दीपक कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में लग गए।बारुण थाना अध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि घटना की जानकारी राहगीरों की ओर से दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में लग गई। मृतक व्यक्ति की पहचान रोहतास जिला के शिवसागर थाना क्षेत्र के मोर सराय निवासी अनूप सिंह के 45 साल के बेटे अनिल सिंह के रूप में की गई है। अनिल सिंह ओबरा में एक निजी क्लिनिक चलाते थे और वे हर सोमवार को ओबरा आते थे। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। अनिल के चेहरे पर चोट का निशान एवं शरीर में कई जगह चोट का निशान एवं पीठ के पीछे जला हुआ निशान मिला है।

## मुर्गा दुकानदार को बदमाशों ने मारी गोली



**मधेपुरा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉमर्स कॉलेज के समीप रविवार की रात बदमाशों ने एक मुर्गा दुकानदार को गोली मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल दुकानदार की पहचान बुधमा लखराज वार्ड-12 निवासी मो मुस्ताक के बेटे मो फैजान के रूप में हुई। घटना के बाद फैजान ने अपने बहनोई मो आदिल को फोन कर बुलाया, इसके बाद उसे मधेपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर देख उसे जननायक कपूरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गोली बाएं भाग में पेट के निचले हिस्से में लगी और दाएं तरफ जांघ में आकर फंस गई थी। मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन कर गोली निकाली गई। हालांकि इंटरनल इंज्युरी अधिक रहने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज से डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। घायल मो. फैजान ने बताया कि 2 दिन पहले दो युवक बाइक से उनके दुकान पर मुर्गा के लिए आया था। 2 किलो मुर्गा लेने के बाद दोनों युवक भागने लगा। भागते समय उन्होंने युवकों के ऊपर चाकू फेंक दिया, जो गाड़ी के टायर में लगा था। रविवार की रात तीन बदमाश आए, जिनमें से दो पैदल और एक बाइक पर था। सभी नकाबपोश थे। उन्होंने फैजान पर दो गोलियां चलाईं, जिनमें से एक गोली पेट के निचले हिस्से में लगी और दाएं जांघ में जा फंसी। उन्होंने आशंका जताई कि जिस युवक से विवाद हुआ था उसी ने इस घटना को अंजाम दिया है।

## मकर संक्रांति पर मुंगेर में तिलकुट की बहार





**मुंगेर।** मकरसंक्रांति के आगमन पर मुंगेर शहर में तिलकुट की मीठी खुशबू हर तरफ महक रही है। इस त्योहार की तैयारियों के बीच शहर में कई दुकानें सज गई हैं, जहां गया से बुलाए गए विशेष कारीगर दिन-रात तिलकुट बनाने में जुटे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार तिलकुट के दाम में 20 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है, लेकिन इससे खरीदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। गया के प्रसिद्ध खास्ता तिलकुट की विशेष मांग को देखते हुए मुंगेर के व्यापारियों ने वहां से कुशल कारीगरों को डेढ़ से दो महीने के लिए बुलाया है। तिल कानपुर से मंगाए गए हैं। गांधी चौक, राजीव गांधी चौक, सादीपुर और बेकापुर सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में तिलकुट की दुकानें खुल गई हैं राजीव गांधी चौक पर स्थित एक दुकान में काम कर रहे गया के कारीगर चंदन राउत ने तिलकुट बनाने की पूरी प्रक्रिया साझा की। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट तिलकुट में चीनी की मात्रा कम होनी चाहिए और उसका खास्ता होना जरूरी है। तिलकुट बनाने की प्रक्रिया में सबसे पहले चीनी या गुड़ की चासनी तैयार की जाती है। चासनी के सूखने पर उसके रेशे निकाले जाते हैं। फिर भुने हुए कूटे तिल को ठंडा करके चासनी के रेशों में मिलाया जाता है। अंत में इस मिश्रण को लोहे से पीटकर तिलकुट का आकार दिया जाता है। त्योहार की रौनक मुंगेर और जमालपुर रेलवे स्टेशनों पर भी देखी जा सकती है, जहां लोग अपने प्रियजनों को संदेश और तिलकुट भेजने के लिए ट्रेनों में भीड़ लगा रहे हैं। इस दौरान दूध के दाम 100 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं और लोग रेडीमेड दही को भी विशेष रूप से पसंद कर रहे हैं। दुकानदार नीतीश कुमार ने बताया कि हर साल गया से कारीगर बुलाते हैं। चीनी एवं गुड़ के तिलकुट में 20 रुपये प्रति केजी की वृद्धि हुई है। चीनी का तिलकुट 280 तो गुड़ का तिलकुट 300 रुपये केजी बिक रहा है। उन्होंने बताया कि तिल, चीनी, गुड़, जलावन एवं मजदूरी में वृद्धि होने से कीमत में भी वृद्धि हुई है। सादीपुर के दुकानदार आरूष ने बताया कि गया से कारीगर बुलाने के साथ ही कानपुर से तिल मंगाया गया है।

## तेजस्वी बोले-मंत्री का भाई जमीन हड़प रहा,बिहार में राक्षस राज



**बेतिया।** बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार को घेरा है। तेजस्वी ने आरोप लगाए हैं कि 'बिहार सरकार की मंत्री का भाई जमीन हड़प रहा है। दोनों उपमुख्यमंत्रियों सहित समस्त सरकार को ऐसे दुर्दांत लुटेरे अपराधी, भू-माफिया, शराब माफिया, बालू माफिया और अपहरणकर्ता DK Tax देते है।' नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ' बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री रेणू देवी के आदतन अपराधी भाई जो जमीन हड़पने, अपहरण, हत्या, रंगदारी सहित दर्जनों संगीन मामलों में नामजद है। उसने कल फिर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर, उसे अपने होटल ले जाकर मारपीट की और पिस्तौल की नोक पर जमीन हड़पने के लिए जबरन साइन कराए।'दरअसल मंत्री रेणु देवी का भाई रवि कुमार उर्फ पीनू डॉन अपहरण मामले में फरार है। बेतिया में पुलिस ने पीनू डॉन की गिरफ्तारी के लिए के घर और पुष्पांजलि होटल पर छापेमारी भी की, लेकिन वो भाग निकला। हालांकि, रेणु देवी कहती रही हैं कि उनका अपने भाई से कोई लेना-देना नहीं है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोपों पर बिहार सरकार की मंत्री रेणु देवी ने प्रतिक्रिया दी है। मंत्री ने कहा, 'तेजस्वी यादव को पहले अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए।' रेणु देवी ने तेजस्वी पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, 'जिस व्यक्ति के साथ उनका कोई संबंध नहीं है, उस व्यक्ति के साथ नाम जोड़ना पूरी तरह से गलत है। विपक्ष बिना किसी आधार के आरोप लगा रहा है।' आरोपी की गाड़ी को शहर में घुमाया गया रविवार को बेतिया में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंत्री के भाई की गाड़ी को जब्त कर क्रेन और जेसीबी की मदद से पूरे शहर में घुमाया। एसपी ने इसको लेकर कहा कि राज्य में सुशासन का राज है और कानून-व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। हालांकि अभी तक आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका है। पुलिस की टीम उसकी खोज में लगी हुई है। दरअसल, शनिवार को महानागनी गांव निवासी शिवपूजन महतो का अपहरण पिस्टल की नोक पर कर लिया था। मंत्री के भाई पीनू डॉन पर इसका आरोप है। आरोपी ने पीड़ित को अपने होटल में दो घंटे तक बंधक बनाकर रखने के बाद सादे कागज पर जबरन अंगूठा का निशान लेकर छोड़ दिया था। हालांकि पीड़ित की शिकायत पर एसपी डॉ शौर्य सुमन ने एसडीपीओ विवेक दीप के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर दिया है। वहीं रविवार को बेतिया पहुंचे तेजस्वी यादव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि राज्य में अपराधी खुलेआम घूम रहे है और उन्हें सरकारी संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा था कि 'काम करने वाले अधिकारियों को साइड लाइन कर दिया गया है।

## पप्पू यादव के समर्थकों ने निकाला जुलूस



**मधेपुरा।** में रविवार को पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के आह्वान पर बिहार बंद का आयोजन किया गया। सुबह 9.30 बजे से ही पप्पू यादव के समर्थक सड़कों पर उतर आए और कॉलेज चौक से शुरू होकर पूरे बाजार में जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दुकानदारों से अपनी दुकानें बंद करने की अपील की। हालांकि, बंद का प्रभाव सीमित रहा और समर्थकों की संख्या भी कम देखी गई। वरिष्ठ नेता मोहन मंडल ने आरोप लगाया कि बिहार सरकार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत के पेपर लीक संभव नहीं है। PT परीक्षा रद्द करने की मांग प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में इढरउ का री-एग्जाम, 70वीं इढरउ की पीटी परीक्षा रद्द करना, पेपर लीक माफिया की गिरफ्तारी और मृतक बीपीएससी अभ्यर्थी सोनू कुमार के परिजनों को मुआवजा देना शामिल है। युवा नेता सौरभ कुमार ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तीव्र किया जाएगा। प्रदर्शन में देबाशीष पासवान, शैलेंद्र कुमार और रितु रंजन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नमाज पढ़ने के लिए बच्चों को जल्दी छुट्टी दें



**मुजफ्फरपुर।** के एक निजी स्कूल में वहां पढ़ने वाले बच्चों के एक अभिभावक का वीडियो सामने आया है। उनका कहना है कि जुम्मे की नमाज के दिन बच्चों की जल्दी छुट्टी कर दी जाए। ताकि वो नमाज पढ़ सकें। ये वीडियो सदर थाना के एक प्राइवेट स्कूल का है। जो अभिभावक स्कूल से गुहार लगा रहे उनका नाम मोहम्मद अरमान अख्तर है। वह पेशे से वकील हैं। उनके 2 बच्चे इंद्रप्रस्थ स्कूल में पढ़ते हैं। पेरेंट्स मीट में सभी बच्चों के आए अभिभावक अपनी बातें रख रहे थे। इस दौरान ही मोहमद अरमान अख्तर ने कहा कि नमाज पढ़ने की अनुमति हिंदुस्तान के हर विभाग में है। नमाज के लिए छूट है कि बच्चे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि छुट्टी नहीं देने की वजह से ही हमारे बच्चे स्कूल नागा करते हैं। स्कूल के निदेशक सह प्रिंसिपल सुमन कुमार ने बताया कि जो भी पेरेंट्स थे, उन्हें समझाया कि गलत डिमांड है। स्कूल मैनेजमेंट में ऐसा कोई एक्सेप्शन नहीं है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से पूछा कि ऐसा कोई रूल्स है या तो उन्हें कहा कि ऐसा बिहार में किसी स्कूल में ऐसा कोई रूल नहीं है कि कोई मुस्लिम, हिन्दू, सिख और ईसाई के बच्चों को प्रार्थना के लिए एक्स्ट्रा छुट्टी दी जा सके। वहीं, जब वहां मौजूद दूसरे टीचर ने उनको समझाने की कोशिश की कि ये आपका पर्सनल मामला है, इसको आप पर्सनली बात कर लीजिएगा।

## महाकुंभ में रुपया 3000 से सवा लाख तक का बेड

### बिहार से प्रयागराज जाने के लिए 89 ट्रेनें, संगम से 10डद पहले गाड़ी की नो एंट्री



**पटना।** प्रयागराज के संगम तट पर आज से (सोमवार) 45 दिन तक सनातन आस्था के प्रतीक- चारों शंकराचार्य, शैव-वैष्णव, उदासीन सहित सभी अखाड़ों के महामंडलेश्वर, सभी परंपराओं के जगद् गुरु, सिद्ध योगी और संत-महंत विराजमान होंगे। देश भर से लगभग 50 करोड़ से अधिक लोगों के महाकुंभ में आने की संभावना है। आज शुभारंभ के दिन बिहार से भी लगभग 2 लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है, जो मकर संक्रांति के दिन गंगा नदी में डुबकी लगाएंगे। अगर आप भी महाकुंभ जाने वाले हैं तो बिहार से ट्रेन, कैब और निजी वाहन से प्रयागराज जा सकते हैं। बिहार के किसी भी शहर से डायरेक्ट बस और फ्लाइट की सुविधा नहीं है। हालांकि, बस और फ्लाइट बदल कर प्रयागराज पहुंचा जा सकता है। इस स्पेशल स्टोरी में जानेंगे बिहार से महाकुंभ जाने के लिए क्या-क्या व्यवस्था है? कितना किराया है? क्या-क्या सुविधा है? पटना से महाकुंभ कैसे जा सकते हैं? ट्रैवल एजेंट्स का कहना है कि प्रयागराज (महाकुंभ) के लिए बिहार से काफी ट्रेनें चलती है, इसलिए लोग बस से जाना पसंद नहीं करते। पटना के ट्रैवल एजेंट बंधु कुमार ने बताया कि 'बिहार के किसी भी जिले से प्रयागराज के लिए बस नहीं चलती है। जिसे बस से जाना है, वह पटना से बस पकड़ तक वाराणसी पहुंच सकते हैं और वहां से बस बदल कर प्रयागराज पहुंच सकते हैं। कुंभ को लेकर स्पेशल बस चलाई जा सकती है, लेकिन फिलहाल कोई व्यवस्था नहीं है। पटना से वाराणसी का किराया 500 रुपए है और वाराणसी से प्रयागराज का भाड़ा 200 रुपए है। गो- फ्रेंड्स-गो ट्रैवल एजेंसी के बुकिंग मैनेजर ब्रजेश कुमार ने बताया, लोग प्रयागराज के लिए सबसे अधिक कैब बुक करा रहे हैं। पटना से डायरेक्ट बस और फ्लाइट की सुविधा नहीं है। ट्रेन में 2 महीने पहले ही बुकिंग हो चुकी है। अभी सभी ट्रेनों में नो रूम है। ऐसे में लोग निजी वाहन से जा रहे हैं, नहीं तो कैब की बुकिंग करा रहे हैं। कैसे पहुंचे महाकुंभ प्रयागराज? निजी वाहन या बस से प्रयागराज जा रहे हैं तो संगम से 10 किलोमीटर पहले ही बस रोक दी जाएगी। शाही स्नान के एक दिन पहले और एक दिन बाद कुंभ मेला में नो व्हीकल जोन रहेगा। कोई भी गाड़ी इंटर नहीं करेगी। हालांकि, बाकी दिनों में छोटी गाड़ियों को सुविधानुसार आगे तक जाने दिया जाएगा। अगर आप वाराणसी के तरफ से प्रवेश करते हैं तो कान्हा मोटर और सरस्वती द्वार के पास भारी वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बना है। हल्के वाहनों को महुआबाग, पेटलबाग, छतनाग, नागेश्वर के पास पार्क कर सकते हैं। पूरे शहर में 102 छोटे बड़े वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसमें 70 प्रतिशत पार्किंग स्नान घाट से 5 किलोमीटर के अंदर है। प्रयागराज रेलवे स्टेशन से संगम की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। यहां से पैदल, ऑटो या रिजर्व वाहन से संगम घाट तक जा सकते हैं। बिहार से प्रयागराज जा रही 89 ट्रेनें बिहार से प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन की सबसे बढ़िया सुविधा है। हालांकि, ट्रेनों में 2 महीने पहले से ही नो रूम है। ऐसे में रेलवे बिहार के अलग-अलग शहरों से प्रयागराज के लिए ट्रेन चला रहा है। पूरे बिहार से 89 ट्रेनें प्रयागराज के लिए चल रही है। सबसे अधिक गया के रूट से 40, हाजीपुर रूट से 11 और पटना से 38 ट्रेनें है। इसमें से 28 कुंभ स्पेशल ट्रेन है। सभी ट्रेनें प्रयागराज और प्रयागराज संगम के नजदीक वाले स्टेशन पर रुकेगी। रेलवे ने महाकुंभ के लिए टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 जारी किया है। पटना से दिल्ली की सीधी फ्लाइट नहीं है। फ्लाइट से जाने के लिए पहले पटना से दिल्ली जाना पड़ेगा। दिल्ली से फ्लाइट बदलकर प्रयागराज जाना पड़ेगा। पटना से दिल्ली की 35 फ्लाइट है। दिल्ली से प्रयागराज के लिए 14 फ्लाइट है। पटना से दिल्ली का किराया इकोनॉमी क्लास लगभग 7 हजार बिजनेस क्लास लगभग 20 हजार दिल्ली से प्रयागराज का किराया इकोनॉमी क्लास लगभग 5 हजार बिजनेस क्लास लगभग 15 हजार महाकुंभ जाएं तो कहां रुकें महाकुंभ में जाने वाले लोगों के लिए ठहरने की व्यापक व्यवस्था है। मेले में 10 लाख लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है।



# ठंड के मौसम में डैंड्रफ से हैं परेशान तो इन आसान उपाय को अपनाकर पाएं छुटकारा

ठंड के मौसम में डैंड्रफ होने की समस्या आम हो जाती है। ये सिर्फ हमारे बालों को नुकसान ही नहीं पहुंचाती बल्कि शर्मिंदा भी करती है। इसे दूर करने के लिए कैमिकल युक्त शैम्पू, कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल करने के बजाय कुछ अन्य उपाय किए जाएं, तो बालों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है आइए जानते हैं कुछ टिप्स.

## नारियल का तेल

नारियल का तेल रूसी के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नहाने से पहले 4-5 चम्मच नारियल के तेल से मालिश करें और 1-2 घंटे बाद बालों को धो लें। रातभर लगाकर भी छोड़ सकते हैं। इससे डैंड्रफ में राहत मिलती है। ऐसा शैम्पू भी इस्तेमाल कर सकते है जिसमें नारियल तेल हो।

शैम्पू करने से पहले डैंड्रफ को साफ करने के लिए नमक बहुत कारगर है। नमक को स्कैल्प पर डालकर हल्कें हाथों से रगड़ें इससे मृत त्वचा निकलने लगेगी। कुछ देर रगड़ने के बाद शैम्पू कर लें। आप पाएंगे कि डैंड्रफ पहले से काफी कम हो रहे है। जब भी शैम्पू करें इस प्रक्रिया को अपनाएं कुछ ही समय में डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल जाएगा।

## नींबू का रस

दो चम्मच नींबू के रस को अपने बालों के स्कैल्प पर रगड़कर इससे अच्छी तरह से मालिश करें। फिर एक कप पानी में एक नींबू का रस मिलाएं अब इस पानी से अपने बालों को साफ करें। ऐसा आप हफ्ते में 3 बार करें।

## नारियल और नींबू का रस

नारियल के तेल में एक चम्मच नींबू का रस डालकर इन्हें हल्का गर्म कर लें। अब इस तेल से अपने बालों की मसाज करें। फिर शैम्पू से अपने बालों को धो लें। ये प्रक्रिया आप हफ्ते में कम से कम 2 बार जरूर करें।

# कुर्ते से लगें स्मार्ट

कुर्ते आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं, जितने पहले थे। बस, इसकी स्टाइल में थोड़ा बदलाव जरूर देखने को मिल रहा है। आजकल पाकिस्तानी सूट ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। लड़कियां जोधपुरी शैली के सलवार कुर्ते भी बनवाना पसंद करती हैं। ये कुर्ते ढीले-ढाले और कई रंगों में उपलब्ध होते हैं। आम तौर पर लोगों की राय है कि आज के आधुनिक युग में लड़कियां जींस आदि पहनना ही पसंद करती हैं और सलवार कुर्ते तथा अन्य पारंपरिक कपड़ों का चलन कम हो रहा है, लेकिन फैशन डिजाइनरों की राय इससे अलग है। उनका कहना है कि आज भी लड़कियां सलवार कमीज बनवाना पसंद करती हैं और अब तो इसमें रेट्रो फैशन की झलक भी देखने को मिल रही है। आजकल तो लड़कियां जींस के साथ भी लांग और शार्ट कुर्ते पसंद करती हैं। सलवार के साथ शार्ट कुर्ते या अनारकली स्टाइल के कुर्ते ज्यादा देखे जा रहे हैं। संगीता का कहना है कि कुर्ते को जींस, लेगिंस और जेगिंस, मतलब डेनिम स्टाइल की जींस की तरह दिखने वाली सलवार के साथ पहनने का फैशन काफी प्रचलन में है। केवल सलवार कमीज ही नहीं, दुल्हन के लहंगों में भी आधुनिकता और पारंपरिकता का मिश्रण देखने को मिल रहा है। सलवार कमीज का जादू कुछ और ही होता है। इस आउटफिट में थोड़ी सी तब्दीली करते ही इसे इंडो वेस्टर्न लुक दिया जा सकता है। आइए जानते हैं सलवार-कुर्ते से जुड़े कुछ टिप्स-



अगर आप अपनी हाइट थोड़ी ज्यादा दिखाना चाहती हैं, तो थोड़ा लंबा कुर्ता सिलवाएं। मसलन अगर आपकी हाइट 5 '3'' है तो आपको 47-48 इंच का कुर्ता सिलवाना चाहिए।

अगर आपके हाथ मोटे हैं और आप स्लीवलेस नहीं पहन सकती हैं, तो 5 इंच की स्लीव्स बनवा लें। इससे आपके हाथ का अतिरिक्त मांस भी छिप जाएगा और आपके हाथ दुबले दिखेंगे। सलवार को बहुत सारे स्टाइल्स में पहना जा सकता है। इनका स्टाइल भी ट्रेंड के साथ बदलता रहता है। फिलहाल ढीली सलवार फैशन में है और शॉर्ट कुर्ते ने एक बार फिर एंट्री की है।




# कामकाजी महिलाओं को हमेशा रखना चाहिए इन बातों का ध्यान

**शादी के बाद एक लड़की को अपने पति से ही नहीं बल्कि अपनी सास-ससुर से भी अच्छा तालमेल बनाने की जरूरत है। लेकिन तब क्या हो जब आप घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के चलते बिल्कुल भी समय नहीं निकाल पा रही हों।**

वो जमाना गया जब महिलाएं घर की चार दीवारी में रहकर ही अपना पूरा जीवन काट देती थीं। आज की महिलाएं न केवल अपने अधिकारों को लेकर स्वतंत्र हैं बल्कि पुरुषों की तरह घर से बाहर निकल अपनी एक अलग पहचान बनाने में भी कामयाब हो रही हैं। हां, वो बात अलग है कि लाख-पढ़ी लिखी होने के बाद भी लड़कियों को ससुराल जैसी पारंपरिक भूमिकाओं से गुजरना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें न केवल अपने पति के दिल में जगह बनानी होती है बल्कि अपने सास-ससुर संग एक अच्छे रिश्ते की शुरूआत करना भी उन्हीं की जिम्मेदारी में से एक है। लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत कामकाजी महिलाओं के साथ है, जिन्हें हर पल इस बात की चिंता सताती रहती है कि घर और ऑफिस के बीच क्या वह अपनी संतुलन भूमिकाएं निभा भी पाएंगी या नहीं?
खैर, हम इस तर्क-वितर्क से किसी नतीजे पर पहुंचें उससे पहले आपको बता दें कि जहां कुछ महिलाओं ने एक संयुक्त परिवार में रहने के कई दोष बताएं हैं तो वहीं इसके विपरीत कई कामकाजी महिलाओं का ऐसा कहना है कि एक संयुक्त परिवार में रहना आपके लिए एक मजबूत समर्थन बन सकता है बशर्ते आपको काम और घर के बीच बैलेंस बनाना आता हो। ऐसे में अगर आप भी चाहती हैं कि कम समय में ही आप सभी की लाडली बन जाए तो आपको इन बातों का हमेशा ध्यान रखें।

## काम के साथ घर को भी प्राथमिकता

हम इस बात को अच्छे से समझते हैं कि एक लड़की के लिए उसका करियर कितना महत्व रखता है लेकिन शादी के बाद आपको यह भी समझना चाहिए कि अब आप अकेले नहीं है आपका अपना एक परिवार है, जिसके हिसाब से भी अब आपको चीजों को मैनेज करना होगा। शादी से पहले जहां घंटों-घंटों आप ऑफिस में काम करती थीं तो वहीं अब आपको अपने परिवार के लिए भी समय निकालना होगा साथ ही साथ घर खर्च के हिसाब से लेकर पार्टनर के माता-पिता की देखरेख करने तक आपको कई बातों को भी ध्यान रखना होगा।



## सुनें और समझें

अगर आप वाकई में चाहती हैं कि आप काम के साथ-साथ अपने परिवार की भी लाडली बनी रही तो सबसे पहले बातों को सुनने और समझने की आदत डालें। ऐसा करने से न केवल आप अपने सास-ससुर के मन की बातों को जान पाएंगी बल्कि वह भी आपके काम के महत्व को समझेंगे। यही नहीं, अपने परिवार के हर सदस्यों को जानने की कोशिश करें। यही नहीं, साथ ही साथ उन्हें यह भी बताएं कि घर की जिम्मेदारी को निभाने में आपके लिया क्या संभव है और क्या नहीं।

## पति से हो खुलकर बातचीत

किसी ने ठीक ही कहा है कि सबसे अच्छी शादी वह होती है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हों। अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ प्यार करने से बेहतर कुछ भी नहीं है। ऐसे में कोशिश करें कि आप और आपके पति के बीच एक स्वस्थ दोस्ती का रिश्ता हो। इसके बाद आपको अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुद फर्क समझ आ जाएगा। वह न केवल आपको समझेंगे बल्कि आपको घर-परिवार की जिम्मेदारी का एहसास होगा।



# पहली मुलाकात में जानें एक-दूसरे को

**जब भी कपल्स एक-दूसरे से मिलने के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले जेहन में ये बात जरूर आती है कि आखिर पहली मुलाकात में हम बात क्या करेंगे? यही सवाल हमें परेशान करता रहता है और वैसे भी पहली-पहली मुलाकात तो बहुत खास होती है, जो हमेशा याद रहती है।**

लेकिन इस मुलाकात में हम एक-दूसरे से बात ही न कर पाएं या यूं कहें कि उस समय क्या बात करें? ये समझ ही न आए तो क्या करें? क्योंकि हमने आमतौर पर देखा है कि हमारे मन में बातें तो ढेरों रहती हैं, लेकिन पहली मुलाकात पर वे बातें जुबान पर आ ही नहीं पातीं और हम शांत बैठे रह जाते हैं। और यहां-वहां देखकर बस यही सोचते रह जाते हैं कि बातें करें तो क्या? आखिर क्या बातें फर्स्ट मीटिंग में करें? कैसे बातों से एक-दूसरे को समझने में आसानी हो सकती है? ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपके पार्टनर को बोर नहीं होने देंगी? आइए जानते हैं।
जब भी किसी के साथ पहली मुलाकात के लिए जाएं तो बातों की शुरुआत आप उनके प्रोफेशन से कर सकते हैं, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसमें इंट्रेस्ट जरूर आता है। चाहे प्रोफेशन के बारे में गॉसिप अच्छी हो या बुरी, इस बारे में बात करना लोग काफी पसंद करते हैं। पार्टनर के फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस के बारे में आप पूछ सकते हैं या अभी रिसेंट उन्होंने कौन सी मूवी देखी है? इस बारे में भी आप बात कर सकते हैं। तारीफ किसको पसंद नहीं आती? जनाब तो कॉम्लीमेंट करना बिलकुल भी न भूलें। उन्हें नोटिस करें और उनकी तारीफ कीजिए। आप उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ कर सकते हैं। दोस्तों के बारे में बात करें, क्योंकि लड़का हो या लड़की-सभी को अपने दोस्तों के बारे में बात करना पसंद आता है। तो आप पूछ सकते हैं कि आपके फ्रेंड्स कैसे हैं? किस फ्रेंड्स से अपनी बातें शेयर करते हैं? इस तरह की बातें आपकी मुलाकात को और इंट्रेस्टिंग बनाएंगी। वीकेंड के बारे में पूछें कि उनके इस वीकेंड क्या प्लान हैं? यदि कोई प्लान नहीं हैं, तो आप प्लान कर सकते हैं जिससे कि एक-दूसरे को अच्छे से समझने के लिए और समय मिल सके। अगर बातें बोरिंग हो रही हैं तो आप हंसी-मजाक कर सकते हैं कि उनके साथ ऐसा वाकया कब हुआ, जब उनकी हंसी रुक ही नहीं रही थी। ऐसी कोई फनी बात, जो आपके साथ हुई हो तो वह बात भी आप उनसे शेयर कर सकते हैं।



# क्या आप जानते हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका

**जब भी कम्फर्ट की बात आती है तो सबसे पहले हम लेगिंग्स के बारे में सोचते हैं, क्योंकि लेगिंग्स काफी आरामदायक होती है। लेकिन इसे पहनने में हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण हम हंसी के पात्र बन जाते हैं।**

क्या आप जानती हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका? अगर हां तो यह बहुत बढ़िया बात है और यदि आपका जवाब ना है तो इस लेख को पढ़कर आप इस बारे में पूरी जानकारी पा सकते हैं।
हमने अक्सर ऐसी कुछ महिलाओं को देखा है, जो लेगिंग्स के साथ क्रॉप टॉप ट्राई कर लेती हैं। लेकिन यदि आप भी ऐसी गलती करती हैं तो इसे छोड़ दें, क्योंकि लेगिंग्स के साथ कभी भी क्रॉप टॉप नही पहना जाता। यह दिखने में बहुत भद्दा लगता है।
ये तो बात हुई क्रॉप टॉप कि लेकिन अगर आप छोटे टॉप पर लेगिंग्स पहनने का विचार कर रही हैं तो इसे बिलकुल भी ट्राई न करें, भले ही आप कितनी भी स्लीम ट्रीम क्यों न हों, पर छोटे टॉप के साथ लेगिंग्स की यह स्टाइल आप पर बिलकुल अच्छा नही लगेगी। आपको ऐसी अंडरवियर पहनना चाहिए जिसमें हेमलाइन लेगिंग्स के ऊपर नजर न आए। ऐसे लेगिंग्स पहनने में बहुत अजीब सा लगता और आप इसमें कम्फर्टेबल भी नहीं रह सकती हैं।
प्रिंटेड लेगिंग्स को न करें ट्राई
आप प्रिंटेड लेगिंग्स ट्राई न ही करें तो बेहतर है, क्योंकि ये पहनने में बिलकुल भी अच्छे नहीं लगते। इसलिए अगर आप लेगिंग्स लेने जा रही हैं, तो प्रिंटेड लेगिंग्स न ही लें तो बेहतर है।

# पाएं हाई हील्स की तकलीफ से छुटकारा

**अधिकतर लड़कियां हिल्स पहनना तो चाहती है, लेकिन उन्हें लगता है कि इसे पहनना काफी तकलीफभरा हो सकता है, लेकिन एक अच्छी और स्टाइलिश ड्रेस के साथ हिल्स काफी अच्छी लगती है पर पैरों की तकलीफ के कारण इसे नहीं चुनते हैं। लेकिन हम यहां आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे है जिन्हें अपनाकर आप हाई हिल्स में कंफर्टेबल हो सकती है हम ये नहीं कहते कि हिल्स में आप बहुत आरामदायक महसूस करेंगी लेकिन कुछ टिप्स को अपनाकर आप हाई हिल्स पहनने से होने वाली दिक्कतों से बच सकती हैं.तो आइए, जानते हैं कि हाई हील्स पहनने के दौरान होने वाली परेशानी को आप कैसे कम कर सकती हैं**



## सैंडिल के सही साइज का चुनाव करें

हील्स वाली सैंडिल में आपके पैर आगे की ओर पुश होते हैं, ऐसे में अपने लिए सही साइज की सैंडिल का चुनाव करें।

## अपना फुट टाइप पहचानें

सभी के फुट अलग-अलग होते हैं, किसी के पैर के पंजे चौड़े तो किसी के पतले होते हैं। अपने पंजे के अनुसार सैंडिल के आगे की डिजाइन चुनें, जिससे कि आपके पैर आगे से दबे नहीं।

## मोटी हील को प्राथमिकता दें

मोटी हील आपके पैरों को ज्यादा कवरेज और सपोर्ट देती हैं। इसे पहनने से आपकी एड़ियों पर कम दबाव पड़ेगा, जिससे पैरों में दर्द भी कम होगा।

## ब्रेक लें

पार्टी व किसी खास अवसर पर ही हाई हील्स पहनें। यदि इसके अलावा भी पहनें तो कभी-कभी फ्लेट चप्पल पहनें और अपने पैरों को थोड़ा ब्रेक दें।

## हील की पोजीशन का ख्याल रखें

आपके जूते ऐसे होने चाहिए जिसमें बॉडी का भार पंजों और हील दोनों पर रहे। वरना पंजो या फिर हील पर ज्यादा प्रेशर पड़ेगा। ऐसा होने पर पैरों में दर्द शुरू हो सकता है। इसलिए हील की पोजीशन का ख्याल जरूर रखें।

## एक नजर

### महाराष्ट्र के नासिक जिले में सड़क हादसा पांच युवकों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में नासिक-मुंबई हाइवे पर बीती रात टेंपो-ट्रक की टक्कर में पांच युवकों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। घायल सभी युवकों को नासिक सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह जानकारी भद्रकाली पुलिस ने दी। हादसे की जानकारी मिलते ही मंत्री गिरीश महाजन ने आज सुबह घटनास्थल का दौरा किया और अस्पताल में जाकर घायलों युवकों का हालचाल जाना। गिरीष महाजन ने कहा कि मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। घायलों का इलाज मुफ्त होगा। पुलिस के अनुसार रविवार रात में लोहे की सरियों से भरा ट्रक धुले से मुंबई की ओर जा रहा था। युवकों का एक समूह टेंपो से धरणगांव से नासिक लौट रहा था। अचानक द्वारका फ्लाइ ओवर पर टेंपो ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। अतुल मंडलिक, संतोष मंडलिक, दर्शन घर्टे, यश घर्टे और चेतन पवार की मौके पर मौत हो गई। राहुल राठौड़, लोकेश निकम, अरमान खान, ओम काले, अक्षय गुंजाल, राहुल साबले सहित 13 युवक घायल हो गए। मृतक सभी युवक सिडको के सह्याद्री नगर इलाके के निवासी थे।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने महाकुंभ की दी बधाई

**नई दिल्ली :** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ की आज शुरूआत हो गई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, पावन तीर्थनगरी प्रयागराज में आज पौष पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर पवित्र स्नान के साथ महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है। महाकुंभ हमारी पुरातन सांस्कृतिक विरासत को आदिकाल से चलायमान बनाए हुए है। यह महापर्व सभी के जीवन को नवीन ऊर्जा और स्फूर्ति से परिपूर्ण करे। उन्होंने लिखा, असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था और श्रद्धा के केंद्र तथा महान सनातन संस्कृति के अभ्युदय के प्रतीक महाकुंभ पर्व में सहभागी सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन एवं सभी संतों को कोटिशः प्रणाम करता हूं। इस मौके पर नड्डा ने सभी देशवासियों को उमंग एवं हर्षोल्लास के पावन पर्व 'लोहड़ी' की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर से कामना है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ करीब डेढ़ माह तक चलेगा। इसमें देश-दुनिया से करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। प्रयागराज आने वाले यात्रियों की सुविधाओं पर पूरा फोकस किया गया है। स्पेशल गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है। सुबह 9.30 बजे तक ही करीब 60 लाख से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

### धूम-4 में हुई रणबीर कपूर की एंट्री

**मुंबई :** 'धूम' सीरीज बॉलीवुड में सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी है। अब तक फिल्म के तीन भाग आ चुके हैं। अब सभी को फिल्म के चौथे पार्ट का इंतजार है। धूम में जॉन अब्राहम, रितिक रोशन और आमिर खान ने काम किया है। अब 'धूम 4' में रणबीर कपूर सामने आ गए हैं। धूम के हर पार्ट में विलेन का किरदार अलग-अलग एक्टर ने निभाया है तो अब 'धूम 4' में भी एक अलग एक्टर नजर आएगा। पहले शाहरुख खान के नाम की चर्चा थी। अब अभिनेता रणबीर कपूर की चर्चा है कि 'धूम 4' में एक दमदार एंट्री होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर कुछ अपडेट भी सामने आए हैं। 'धूम 4' की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होगी। फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो चुका है साथ ही रणबीर के साथ 2 एक्ट्रेस भी नजर आ सकती हैं जो लीड रोल में होंगी।

# चीन से पूर्वी लद्दाख के डेप्सांग और डेमचोक में विवाद सुलझा, मणिपुर में शांति कायम : सेना प्रमुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को मानेकशा सेंटर में सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मणिपुर की स्थिति, भारत-म्यांमार सीमा, कश्मीर घाटी में सीमा पार से आतंकी घुसपैठ, चीन सीमा पर डेप्सांग और डेमचोक में पेट्रोलिंग शुरू होने, बांग्लादेश की स्थिति के मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि डेप्सांग और डेमचोक के दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक चराई शुरू हो गई है। साथ ही मणिपुर के बारे में उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहलों ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है। भारत-म्यांमार सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि सीमा पर अभी तक हो रही अशांति के



फैलाव से बचा जा सके। सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की विभिन्न सीमाओं के बारे में खुलकर सवालों के जवाब दिए। उन्होंने मणिपुर के बारे में कहा कि आज मणिपुर में जनजातीय समुदाय मजबूत रुख अपना ?रहा है, लेकिन हमें पूरे देश के साथ सुलह करने के लिए काम करना होगा। मुझे वहां तैनात किये नए राज्यपाल से भी बहुत उम्मीद है कि वे इस दिशा में कदम उठाएंगे। आपसी तालमेल के सवाल पर सेना प्रमुख ने भरोसा दिलाया कि समन्वय की बिल्कुल भी कमी नहीं है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि कौन सा पक्ष कहां है। जब मई 2023 में यह समस्या आई, तो डीजीपी ने आदेश जारी किए कि आप जिस भी समुदाय से हैं, उसके निकटतम पुलिस स्टेशन जाएं, लेकिन बाहरी ताकतों के सवालों को खारिज नहीं किया जा सकता। जनरल द्विवेदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में कुल मिलाकर स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है। मणिपुर में सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहलों ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है। हालांकि, हिंसा की चक्रीय घटनाएं जारी हैं। हम इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। विभिन्न गैर सरकारी संगठन और हमारे दिग्गज समुदाय के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं, ताकि एक तरह का सामंजस्य स्थापित किया जा सके। भारत-म्यांमार सीमा पर बढ़ी हुई निगरानी और वर्चस्व की व्यवस्था की गई है, ताकि म्यांमार में अभी तक हो रही अशांति के फैलाव से बचा जा सके। मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए हमने अपने क्यूआरटी और क्यूआर मेडिकल टीमों को अपग्रेड करने के लिए विशेष रूप से 17 करोड़ रुपये चिह्नित किए हैं। भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कश्मीर घाटी के बारे में कहा कि पिछले साल मारे गए आतंकवादियों में से 60 फीसदी आतंकी पाकिस्तानी मूल के थे। आज घाटी और जम्मू क्षेत्र में बचे आतंकी लगभग 80 फीसदी या उससे अधिक पाकिस्तानी मूल के हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नियंत्रण रेखा पर डीजीएमओ के बीच सहमति के बाद फरवरी, 2021 से प्रभावी संघर्ष विराम जारी है।

# 'मेक इन इंडिया' को लेकर कांग्रेस का केंद्र पर बड़ा हमला, कहा- विदेशी ब्रांडों को मिली तरजीह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने 'मेक इन इंडिया' को लेकर मौजूदा केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। पार्टी का कहना है कि मोदी सरकार का 'मेक इन इंडिया' वादा महज बयानबाजी बनकर रह गया है। एआईसीसी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। एक वक्तव्य में उन्होंने रिपोर्ट के हवाले से दावा किया कि सरकारी टेंडर अपने खुद के 'मेक इन इंडिया' दिशा-निदेर्शों का पालन करने में विफल रहे हैं। पिछले 3 वर्षों में 64,000 करोड़ रुपये मूल्य के 3,500 से ज्यादा उच्च-मूल्य वाले टेंडरों में से लगभग 40 प्रतिशत को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन



विभाग द्वारा 'मेक इन इंडिया' नियमों का अनुपालन न करने के रूप में चिह्नित किया गया था। पवन खेड़ा ने कहा कि 2017 के मेक इन इंडिया खरीद नियम घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए पेश किए गए थे लेकिन वास्तव में बाद के टेंडरों ने आर्थिक और गुणवत्ता कारणों का हवाला देते हुए विदेशी ब्रांडों को तरजीह दी, जिससे भारतीय निमार्ता हाशिए पर चले गए। 'मेक इन इंडिया' पहल के शुभारंभ के बाद से मोदी सरकार द्वारा जारी किए गए 3,590 टेंडरों में से उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने पाया कि नवंबर 2024 तक 1,502 टेंडर, जिनकी राशि 63,911 करोड़ रुपये थी, मेक इन इंडिया नीति दिशानिदेर्शों का पालन करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि रक्षा, परमाणु ऊर्जा, दूरसंचार और इस्पात जैसे प्रमुख मंत्रालय बार-बार निदेर्शों के बावजूद खरीद नियमों को अपडेट करने में विफल रहे। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि इन हालत में यह सब किसके लाभ के लिए है? निश्चित रूप से भारतीय व्यवसायों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को भी लिफ्ट जैसे गुणवत्तापूर्ण भारत में निर्मित उत्पादों की खरीद करने में संघर्ष करना पड़ा, जबकि निविदाओं में दूरसंचार, आईटी और बुनियादी ढांचे के उत्पादों के लिए विदेशी ब्रांडों का खुलकर पक्ष लिया गया, जो 2017 के नियमों और सामान्य वित्तीय नियमों (दोनों) का उल्लंघन है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार की ओर से 2019 में शीर्ष नौकरशाहों को इन मुद्दों को ठीक करने का निर्देश दिया गया था, फिर भी 2024 तक 18 मंत्रालय उल्लंघनों पर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने में विफल रहे। 'मेक इन इंडिया' के 10 साल बाद यह पहल नीतिगत विफलता, कुप्रबंधन और भारतीय निमार्ताओं की उपेक्षा की एक प्रमुख मिसाल बन गई है। इसने मोदी सरकार के तहत वादों और वास्तविकता के बीच के अंतर को ही उजागर किया है।

### लॉस एंजिलिस में दावानल से अब तक 24 लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस :** लॉस एंजिलिस दावानल से जूझ रहा है। गरम और तेज हवा चल रही है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि लॉस एंजिल्स में लगी आग से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार देररात से बुधवार तक क्षेत्र में तेज हवा चलने की आशंका से लोग भयभीत हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सप्ताहांत में दमकल कर्मचारियों को तेज और गरम हवाओं के बीच पैलिसेड्स और ईटन में आग का प्रकोप करने में काफी हद तक कामयाबी मिली। दमकल विभाग के कर्मचारी जंगल में लगी आग को बुझाने में लगे रहे। लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि लापता लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चिंता व्यक्त करते हुए सोशल साइट ट्रुथ पर राज्य के अधिकारियों को अक्षम कहा है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दी महाकुंभ की शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रयागराज महाकुंभ के महापर्व के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। खरगे ने यहां जारी अपने संदेश में कहा कि आज विश्व की प्राचीनतम संस्कृति संगम तीर्थ राज प्रयागराज में महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है। ये भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत का महापर्व है। इस पावन आयोजन के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से मैं सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि लाखों करोड़ों की संख्या में अगले डेढ़ महीने तक चलने वाले त्रिवेणी संगम के इस पारंपरिक महोत्सव में पधारे सभी साधु, संत, पंथ, समुदाय और जनता जनार्दन, एकजुट होकर जाति, वर्ण, और वर्ग के भेदभाव मिटाकर भारत की महान संस्कृति का परिचय पूरे विश्व को देंगे। छुआछूत, ऊंच-नीच, भेदभाव व अंधविश्वास को छोड़कर हम सभी इस देश की विविधता में एकता के शाश्वत मूल्यों को अपनाकर सौहार्द्र, सद्भाव, भाईचारे व आपसी प्रेम का संदेश देंगे। खरगे ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने दि डिस्कवरी ऑफ इंडिया में महाकुंभ मेले का वर्णन करते हुए लिखा है, मैं इलाहाबाद या हरिद्वार में महान स्नान उत्सव, कुंभ मेले में जाता था, और देखता था कि लाखों लोग आते हैं, जैसे उनके पूर्वज हजारों सालों से पूरे भारत से गंगा में स्नान करने आते थे। मुझे तेरह सौ साल पहले चीनी तीर्थयात्रियों और अन्य लोगों द्वारा लिखे गए इन त्योहारों के विवरण याद हैं और तब भी ये मेले प्राचीन थे और अज्ञात पुरातनता में खो गए थे।

# मध्य यमन में गैस स्टेशन पर विस्फोट में गई 15 लोगों की जान, 67 घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सना :** मध्य यमन के अल बायदा प्रांत में एक गैस स्टेश पर विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई है और 67 लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट शनिवार को बायदा प्रांत के जहेर जिले में हुआ। मंत्रालय के अनुसार, विस्फोट में घायल 67 लोगों में से 40 की हालत गंभीर है। साथ ही बचाव दल लापता लोगों की भी तलाश कर रहे हैं। फिलहाल विस्फोट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विस्फोट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें भीषण आग दिखाई दे रही है। आग की वजह से आसमान में छाए धुएं के गुबार



और जल्दी गाड़ियां साफ दिख रही हैं। बतादें कि बायदा पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है, जो एक दशक से अधिक समय से यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के साथ युद्ध में हैं। यमन का गृहयुद्ध 2014 में शुरू हुआ, जब विद्रोहियों ने राजधानी सना और देश के अधिकांश उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिससे सरकार को दक्षिण, फिर सऊदी अरब भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को बहाल करने के प्रयास में, सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने मार्च 2015 में युद्ध में प्रवेश किया, जिसे उस समय अमेरिका का समर्थन प्राप्त था।

# आयुष्मान भारत, पीएम-जेएवाई लागू करने के लिए केन्द्र और ओडिशा सरकार के बीच हुआ समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और ओडिशा सरकार के बीच प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और ओडिशा सरकार के आयुक्त सह सचिव ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया । इसके साथ ओडिशा एबी पीएम-जेएवाई को लागू करने वाला 34वां राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। इस मौक पर केंद्रीय मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और



रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम मामले, केंद्रीय मंत्री, रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद थे। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि ओडिशा का आयुष्मान भारत- पीएम जेएवाई योजना में शामिल होना एक ऐतिहासिक क्षण है। आयुष्मान भारत पीएम जेएवाई योजना के तहत भारत की 45 प्रतिशत आबादी को कवर किया गया है। 2018 के बाद से एबी पीएम-जेएवाई के तहत 8 करोड़ से अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती हुए और अपना इलाज कराया है। उन्होंने कहा कि एबी पीएम जेएवाई योजना द्वारा सहायता प्राप्त स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच के कारण देश के दूर-दराज क्षेत्रों में अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। जन केंद्रित योजनाओं के चयन में राज्यों को राजनीतिक अहंकार नहीं आना चाहिए। एनएचए के अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा के लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने के लिए हाल ही में राज्य सरकार ने अपने बजट में इसे शामिल करते हुए कुल 5,450 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की। राज्य में एक करोड़ से अधिक परिवारों के साढ़े तीन करोड़ सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलेगा। अब ओडिशा के लोग इस योजना के जरिये देश के किसी भी हिस्से में रहकर पंजीकृत अस्पताल में इलाज ले सकेंगे, क्योंकि इस योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों की संख्या 30 हजार है। इतना ही नहीं, ओडिशा में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन भी लागू हो जाएगा, जिसके तहत राज्य के लोगों को भारत डिजिटल स्वास्थ्य खाता (आभा) आईडी मिलेगी। इसका इस्तेमाल देश में कहीं भी अपने मेडिकल रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त करने में कर सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक और कोयला खदान में हादसा, दो की मौत



**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक और कोयला खदान में हुए हादसे में दो मजूदरों की मौत हो गई। यह हादसा रविवार को हरनाई जिले के खोस्त इलाके की कोयला खदान में हुआ। खदान के अचानक ढह जाने से आठ मजदूर दब गए थे। इनमें से छह को बचा लिया गया। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब क्वेटा के बाहरी इलाके में संजडी खदान से 11 और शवों की बरामदगी के बाद शेष एक शव को निकालने के लिए खुदाई जारी थी। संजड़ी खदान में 9 जनवरी को शक्तिशाली मीथेन गैस विस्फोट के बाद 12 कोयला खनिक लगभग 4,000 फीट की गहराई में फंस गए थे। 11 पीड़ितों में से 10 मूल रूप से खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले के और एक स्वात का रहने वाला था। अधिकारियों के अनुसार, हरनाई जिले के खोस्त कोयला क्षेत्र की हादसाग्रस्त खदान में दरारें आ गई हैं। हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान जाहिद और इस्लाहत के रूप में हुई है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। खान एवं खनिज विभाग ने यह खदान बंद कर घटना की जांच के आदेश दिए हैं। पाकिस्तान सेंट्रल माइंस श्रमिक महासंघ के नेताओं ने कोयला खदान हादसों पर चिंता जताई है। उन्होंने सुरक्षा नियमों को लागू करने में सरकार की विफलता की निंदा की।

### सीएजी की रिपोर्ट दिल्ली विधानसभा में पेश नहीं करने को भाजपा ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव में सीएजी की रिपोर्ट एक बड़ा मुद्दा बन गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली सरकार के सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में पेश नहीं करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में हुई प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है कि दिल्ली सरकार द्वारा सीएजी रिपोर्ट को सदन में रखने में आनाकानी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यह और भी स्पष्ट हो गया है कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति केवल विकास कार्यों, पर्यावरण और जलभराव वाली सड़कों के मामले में ही नहीं, बल्कि संवैधानिक मामलों में भी है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दर्जन सीएजी रिपोर्ट हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में नहीं रखा है। 11 जनवरी 2025 को, दिल्ली विधानसभा सचिव ने कहा, रिपोर्ट को सदन में रखने का कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे 7 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पूछा था कि सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में क्यों नहीं रखा जा रहा है? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का अराजकतावादी चरित्र अब संवैधानिक संस्था और संवैधानिक प्रक्रियाओं में व्याप्त हो रहा है, जो सरकार के समुचित कामकाज के लिए बहुत ही अनुचित और संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी(आआपा) जवाब के बदले एक बवाल करने में यकीन रखती है, इसलिए वह हर दिन कोई न कोई बखेड़ा खड़ा करती है। लेकिन दिल्ली के लोग इस चुनाव में आआपा को जवाब देंगे। उल्लेखनीय है कि सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखी गई। सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि शराब नीति में दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपये राजस्व का नुकसान हुआ है। इसके साथ मुख्यमंत्री निवास बनवाने में भी नियमों का व्यापक रूप से उल्लंघन किया गया है।

### शिमला में सेना ने मनाया नौवां वेटरन्स डे

**शिमला :** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के प्रथम कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की याद में हर साल 14 जनवरी को सशस्त्र सेना का भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को शिमला स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रेक) में नौवें वेटरन्स डे पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा, जनरल अफसर कमांडिंग-इन-चीफ ने चार पूर्व सैनिकों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में कर्नल केएस मंटा, कर्नल राजेश कुमार शर्मा, लिपिक मनीष कुमार और नायक अमर चंद शामिल हैं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रथम कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा 1953 में आज ही के दिन सेवानिवृत्त हुए थे। उनके अद्वितीय योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस न केवल पूर्व सैनिकों की सेवाओं को याद करने का अवसर है बल्कि इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किए गए पूर्व सैनिकों ने इस अवसर को अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी सेना उनके योगदान को याद कर उन्हें सम्मानित कर रही है, जो उनकी सेवाओं का सच्चा मूल्यांकन है। एक पूर्व सैनिक ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वर्दी पहनने का हमारा सपना आज भी सम्मानित हो रहा है। यह न केवल हमें बल्कि नए सैनिकों और सेना में शामिल होने की तैयारी कर रहे युवाओं को भी प्रेरणा देता है। इस अवसर पर आरट्रेक परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उपस्थित जनसमूह में पूर्व सैनिक, उनके परिवार और सैन्य अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पूर्व सैनिकों ने अपनी सेवा के अनुभव साझा किए।

### मेगा उद्यमिता सम्मेलन में 545 करोड़ रुपये की पशुधन परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने सोमवार को पुणे में मेगा ?उद्यमिता विकास सम्मेलन? में 545 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 40 पशुधन परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में बदलाव लाना है। पुणे में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग की ओर से आयोजित महाराष्ट्र में मेगा उद्यमिता विकास सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने आज किया। इस कार्यक्रम का विषय उद्यमियों को सशक्त बनाना- पशुधन अर्थव्यवस्थाओं में बदलाव? है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पशुधन क्षेत्र की अपार संभावनाओं को उजागर करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए नीति निमार्ताओं, महासंघों, सहकारी समितियों, उद्योग संघों, उद्यमियों और वित्तीय संस्थानों को एक साथ लाना है। इसका उद्येश्य हितधारकों के लिए चुनौतियों का समाधान करने, नवीन समाधानों को साझा करने और क्षेत्र में विकास को गति देने के लिए स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए है। 29,110.25 करोड़ रुपये के पर्याप्त परिव्यय के साथ पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) और 2,300 करोड़ रुपये के साथ राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं को समावेशी विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए प्रदर्शित किया गया। यह पहल ग्रामीण किसानों और छोटे उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए तैयार की गई हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि क्षेत्र का विकास राष्ट्रीय प्रगति में योगदान दें। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पशुधन मिशन - उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-ईडीपी) डैशबोर्ड का उद्घाटन किया गया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**